वर्ष : 34 | अंक : 262 | मुंबई, शनिवार, 29 नवंबर 2025 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल | संरक्षक : एन. के. पुरोहित

# DBD
# दो बजे दोपहर

## 21 जनवरी 2026 को अंतिम सुनवाई

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ महाराष्ट्र में स्थानीय निकायों में ओबीसी आरक्षण से जुड़ी कई याचिकाओं पर विचार कर रही थी। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने यह भी कहा कि लोकल बॉडी में ओबीसी आरक्षण से जुड़ी 27 याचिकाओं पर तीन जजों की बेंच 21 जनवरी, 2026 को अंतिम सुनवाई करेगी।

## केस के आखिरी नतीजे पर निर्भर

राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ वकील बलबीर सिंह ने पीठ को बताया कि 246 नगरपालिका परिषदों और 42 नगर पंचायतों के चुनाव की प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है तथा 2 दिसंबर को मतदान भी निर्धारित है। इनमें से 40 नगरपालिका परिषदों और 17 नगर पंचायतों में आरक्षण 50 फीसदी से अधिक है। बयान को ध्यान में रखते हुए पीठ ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग चुनाव करा सकता है, लेकिन नतीजे केस के आखिरी नतीजे पर निर्भर करेंगे। स्टेट पोल पैनल दूसरे जिला परिषद, पंचायत समिति और नगर परिषद के चुनाव करा सकता है, जहां 50 फीसदी कोटा तोड़ने का मुद्दा नहीं है। हालांकि, इन निकाय चुनाव के नतीजे भी केस के आखिरी फैसले पर निर्भर करेंगे।

- चुनाव कराने की अनुमति, पर परिणाम घोषित करने पर रोक
- बंठिया आयोग और अंतिम फैसले पर निर्भर होंगे नतीजे

### वोट पड़ेंगे, जीत भी मिलेगी, लेकिन कुर्सी पर सस्पेंरस

## यह अस्थायी व्यवस्था : सीजेआई

वरिष्ठ वकील ने आशंका जताई कि यदि स्पष्ट निर्देश नहीं दिए गए तो चुनाव प्रक्रिया फिर टल सकती है। इस पर सीजेआई ने कहा कि पहले से जारी आदेश चुनाव करवाने के लिए पर्याप्त हैं, फिर भी अदालत ने स्पष्टता सुनिश्चित करने के लिए लिखित आदेश में यह भी जोड़ दिया कि जिन जिला परिषदों व पंचायत समितियों में आरक्षण 50 फीसदी से कम है, वहां चुनाव पूर्व आदेशों के अनुरूप कराए जाएं। लेकिन नतीजे अंतिम फैसले पर निर्भर करेंगे। सीजेआई कांत ने कहा, आज हम मामले की अंतिम सुनवाई होने तक केवल एक अस्थायी व्यवस्था कर रहे हैं। 21 जनवरी को तीन न्यायाधीशों की पीठ सुनवाई कर सकती है। किसी भी पक्ष को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। इससे पहले बेंच ने राज्य निर्वाचन आयोग को अपने ऑर्डर का पालन न करने के लिए फटकार लगाई थी और उसे 2022 से रुके हुए स्थानीय निकाय चुनाव बिना किसी और एक्सटेंशन के 31 जनवरी, 2026 तक पूरे करने का निर्देश दिया था।



# निकाय चुनाव को मंजूरी लेकिन शर्तें लागू...




### सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र में निकाय चुनाव की दी अनुमति, नतीजे घोषित करने पर पर लगाई रोक

**एजेंसी | नई दिल्ली**

महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनावों पर महीनों से लटकी धुंध आखिर सुप्रीम कोर्ट के आदेश से थोड़ी साफ हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव कराने की अनुमति दे दी, लेकिन नतीजे घोषित करने पर रोक लगा दी है। शीर्ष अदालत ने कहा कि 50 फीसदी से अधिक आरक्षण वाले निकायों समेत सभी निकायों के चुनाव परिणाम अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण विवाद पर अंतिम फैसले पर निर्भर करेंगे। बता दें कि मई 2025 में पीठ ने महाराष्ट्र सरकार और राज्य चुनाव आयोग को लंबे समय से रुके हुए चुनाव चार महीने के अंदर कराने और बंठिया आयोग की रिपोर्ट में मौजूद कानूनी ढांचे के आधार पर ओबीसी आरक्षण देने का निर्देश दिया था।

### महाराष्ट्र चुनाव से जुड़ा विवाद कैसे शुरू हुआ?

महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव दिसंबर 2021 से OBC आरक्षण विवाद में फंसे हुए हैं. सुप्रीम कोर्ट ने तब कहा था कि आरक्षण तभी लागू होगा जब 'ट्रिपल-टेस्ट' पूरा किया जाए. मार्च 2022 में बनी बंठिया कमीशन की रिपोर्ट जुलाई 2022 में आई, जिसने डेटा उपलब्ध कराया. मई 2025 में कोर्ट ने 50% सीमा के भीतर रहते हुए चुनाव कराने का निर्देश दिया, लेकिन पिछले हफ्ते कोर्ट ने राज्य सरकार को यह कहते हुए झटका दिया कि उसने आदेश का गलत अर्थ निकाल लिया. कहीं भी आरक्षण 50% से अधिक नहीं हो सकता.

### महाराष्ट्र निकाय चुनाव में अब आगे क्या?

अब 2 दिसंबर के चुनाव समय पर होंगे, पर जिन सीटों पर आरक्षण सीमा टूटी है वहां जीत भी अधर में लटकी रहेगी. हो सकता है कि कुछ उम्मीदवार जीतकर भी हार जाएँ, कुछ हारकर भी इंतजार में रहें और कुछ सीटों का भाग्य सिर्फ अदालत की अगली सुनवाई लिखे.

### कोर्ट में क्या-क्या हुआ?



- 50% से ज्यादा आरक्षण वाले निकायों को नया नोटिफिकेशन रोकने का आदेश। जहां अधिसूचना बाकी है, वहां 50% से ऊपर आरक्षण लागू नहीं होगा।
- पहले से अधिसूचित निकायों में चुनाव तय समय पर लेकिन नतीजे रिट पिटीशन के फैसले से प्रभावित होंगे।
- दो महानगरपालिकाओं पर भी यही नियम। वहां भी अल्टीमेट परिणाम अदालत की अगली सुनवाई पर निर्भर होंगे।
- मामला बड़ी बेंच को रेफर। तीन जजों की बेंच 21 जनवरी को आगे की सुनवाई करेगी।

### समाज को जाति की रेखाओं में मत बांटिए : CJI

सुनवाई के दौरान आयोग ने कहा कि राज्य में केवल दो महानगरपालिकाओं में आरक्षण 50% पार कर सकता है. इस पर CJI ने गहरी टिप्पणी करते हुए कहा कि हम जो भी करते हैं, समाज को जाति की रेखाओं में नहीं बांटना चाहिए।

### 2 दिसंबर का मतदान, कहां-क्याो स्थिति?

राज्य निर्वाचन आयोग के मुताबिक, 246 नगर परिषदें और 42 नगर पंचायतों में चुनावी प्रक्रिया शुरू है, मतदान 2 दिसंबर को होगा. इनमें से 40 नगर परिषद और 17 नगर पंचायत ऐसी हैं, जहां आरक्षण 50% से ऊपर है. वहीं 29 नगर परिषद, 32 जिला परिषद और 346 पंचायत समितियां ऐसी हैं] जहां अभी अधिसूचना जारी नहीं हुई है. अदालत के आदेश अब इन निकायों के चुनावी गणित को पूरी तरह नए ढंग से परिभाषित करेंगे.

## ब्रीफ न्यूज़

### बीएमसी सहायक आयुक्त महेश पाटील एक महीने की छुट्टी पर भेजे गए

**मुंबई।** मुंबई महानगरपालिका (एमएमसी) के सहायक आयुक्त महेश पाटिल को आयुक्त भूषण गगरानी ने एक महीने के लिए अनिवार्य अवकाश पर भेज दिया है। यह कदम उस समय उठाया गया जब एक व्यापारी ने पाटिल पर वित्तीय निवेश से जुड़े गंभीर आरोप लगाए। व्यापारी ने यह भी दावा किया कि पाटिल ने बाउंसर की मदद से उन्हें पीटने की कोशिश की। इस मामले में व्यापारी ने पुलिस में भी शिकायत दर्ज कराई है। भांडुप स्थित एस डिवीजन कार्यालय के सहायक आयुक्त पाटिल पर आरोप है कि उन्होंने कई लोगों को सस्ते मकान दिलाने का वादा करके बांद्रा में एक पुनर्विकास परियोजना में निवेश के लिए लुभाया।

### मतदान के लिए छुट्टी नहीं देने वाले प्रतिष्ठानों पर होगी कार्रवाई

**मुंबई।** राज्य के 246 नगर परिषदों और 42 नगर पंचायतों के चुनाव में विभिन्न प्रतिष्ठानों और कंपनियों को मतदाताओं को मतदान के लिए सवैतनिक छुट्टी देना पड़ेगा या फिर कर्मियों को अवकाश के बजाय दो से तीन घंटे काम पर देरी से आने की विशेष रियायत देनी होगी। छुट्टी अथवा ड्यूटी पर देरी से आने की अनुमति नहीं देने वाले प्रतिष्ठानों और कंपनियों के खिलाफ शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार को राज्य के श्रम विभाग ने इस बारे में परिपत्र जारी किया है। राज्य में 246 नगर परिषदों और 42 नगर पंचायतों के चुनाव के लिए 2 दिसंबर को मतदान होगा। इससे इन नगर परिषदों और नगर पंचायतों के चुनाव क्षेत्र के कर्मचारियों और अधिकारियों को मताधिकार का इस्तेमाल के लिए सवैतनिक अवकाश देना होगा।

### 11 लाख डुप्लीकेट नाम को लेकर मतदाताओं में भ्रम : वर्षा गायकवाड़

**मुंबई।** मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनाव के लिए हाल ही में जारी हुई प्रारूप मतदाता सूची पर विवाद जारी है। इस सूची में 11 लाख डुप्लीकेट मतदाता होने का दावा मुंबई कांग्रेस ने ही किया है। इस मुद्दे को लेकर मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष और सांसद वर्षा गायकवाड़ के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को राज्य चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान गायकवाड़ ने कहा कि नागरिकों में भारी भ्रम निर्माण हुआ है। उन्होंने चुनाव आयोग से मांग की है कि वह इस बारे में अपनी भूमिका जल्द स्पष्ट करे और इस गड़बड़ी पर तत्काल रोक लगाई जाए।




# प्रदूषण से 'धुआं' हुई मुंबईकरों की जिंदगी

### बॉम्बे हाईकोर्ट ने जताई चिंता, बीएमसी से मांगा एक्शन प्लान

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

राजधानी दिल्ली के बाद देश की आर्थिक राजधानी मुंबई की हवा में जहर घुलता जा रहा है। वायु प्रदूषण के स्तर में लगातार इजाफा हो रहा है। शुक्रवार को बॉम्बे हाईकोर्ट में वायु प्रदूषण को लेकर सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने मुंबई महानगरपालिका को सख्ती के साथ कई निर्देश जारी किया। साथ ही बीएमसी से वायु प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए अब तक किए गए काम की डिटेल और आगे का एक्शन प्लान मांगा। कोर्ट ने मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) को तीखी फटकार लगाते हुए 15 दिन के अंदर एक उच्चस्तरीय विशेष समिति गठित करने का आदेश दिया। इस समिति में पर्यावरण विशेषज्ञ, चिकित्सक, IIT और NEERI के वैज्ञानिक तथा नागरिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। समिति को 3 महीने में प्रदूषण के प्रमुख स्रोतों की पहचान कर ठोस और तुरंत लागू होने वाले उपाय सुझाने होंगे।

### बीएमसी को 5 सदस्यीय टीम बनाने का निर्देश

बॉम्बे हाईकोर्ट ने शुक्रवार को मुंबई में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर BMC, सिविल सोसाइटी और पॉल्यूशन कंट्रोल के अधिकारियों समेत 5 सदस्यीय टीम बनाने का निर्देश दिया। यह टीम मुंबई के एक खास इलाके में घूमेगी और 15 दिसंबर तक अपनी रिपोर्ट सौंपेगी कि कंस्ट्रक्शन साइट्स पर एयर पॉल्यूशन कंट्रोल करने की गाइडलाइंस का पालन हो रहा है या नहीं

### टीम में शामिल होंगे ये एक्सपर्ट

टीम में बृहन्मुंबई म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन (BMC) का एक अधिकारी, हेल्थ डिपार्टमेंट और महाराष्ट्र पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (MPCB) का एक कर्मचारी होगा। दो लोग सिविल सोसाइटी से होंगे जिनके नाम कोर्ट में मौजूद वकीलों ने सुझाए थे। चीफ जस्टिस श्री चंद्रशेखर और जस्टिस गौतम ए अंखड की बेंच एक सुओ मोटो याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

### कोर्ट ने दिल्ली का दिया उदाहरण

सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने कहा, 'इसमें कुछ समय लगेगा। दिल्ली 15-20 साल से संघर्ष कर रही है। मुंबई में वे यह कर सकते हैं। मुंबई को कुछ फायदे हैं। एमिकस क्यूरी (पहले नियुक्त कोर्ट के दोस्त) एडवोकेट दैरुस खंबाटा ने बताया कि गाइडलाइंस लागू हैं और यह सिर्फ अधिकारियों द्वारा उन्हें असरदार तरीके से लागू करने के बारे में है।

आम आदमी ने ज्यादा खर्च किए, फैक्ट्रियों का प्रोडक्शन बढ़ा

# जीडीपी पर सारे अनुमान फेल

- यूएस टैरिफ का दबाव, फिर भी 8.2% की तेज रफ्तार से बढ़ी इकोनॉमी

### 18 महीने में सबसे बेहतर

**एजेंसी | नई दिल्ली**

भारत की इकोनॉमी तेज रफ्तार से आगे बढ़ रही है। जुलाई-सितंबर तिमाही (Q2) के दौरान जीडीपी 8.2% की मजबूत दर से बढ़ी है, जो विशेषज्ञों के अनुमान से कहीं बेहतर है। यह पिछली छह तिमाहियों यानी 18 महीनों में सबसे अधिक है। बता दें कि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 5.6 प्रतिशत की दर से देश की इकोनॉमी बढ़ी थी। वहीं, ताजा ग्रोथ पिछली तिमाही यानी अप्रैल से जून की अवधि के 7.8% से भी ज्यादा है।




### जीएसटी कटौती का मामूली असर

सितंबर तिमाही के जीडीपी ग्रोथ में जीएसटी कटौती का मामूली असर है। दरअसल, जीएसटी कटौती 22 सितंबर से लागू हुई है। इसका व्यापक असर दिसंबर तिमाही के जीडीप आंकड़ों में देखने को मिलेगा। बता दें कि 22 सितंबर से करीब 375 वस्तुओं पर जीएसटी दरें भी घटा दी गईं, जिससे उपभोक्ता वस्तुएं सस्ती हुईं और मांग बढ़ाने का प्रयास किया गया।

### राजकोषीय घाटे में बढ़ोतरी

चालू वित्त वर्ष के पहले सात महीनों (अप्रैल से अक्टूबर) में भारत का राजकोषीय घाटा बढ़कर 8.25 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो वार्षिक अनुमान का 52.6% है तथा पिछले वर्ष की समान अवधि के 46.5% से काफी अधिक है। सरकार का लक्ष्य इस वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 4.8% से घटाकर 4.4% पर लाना है। आंकड़े बताते हैं कि अप्रैल से अक्टूबर के दौरान सरकार की कुल प्राप्तियां 18 लाख करोड़ रुपये रही।

## राजेश अग्रवाल बने महाराष्ट्र के नए मुख्य सचिव

**मुंबई | धीरज सिंह**

राज्य के मुख्य सचिव पद की जिम्मेदारी अब आईएएस अधिकारी राजेश अग्रवाल संभालेंगे। वर्तमान मुख्य सचिव राजेश कुमार मीणा 30 नवंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उनके बाद 1 दिसंबर 2025 से राजेश अग्रवाल महाराष्ट्र के नए मुख्य सचिव के रूप में कार्यभार ग्रहण करेंगे। अग्रवाल 1989 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और इससे पहले वे केंद्र सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (DEPwD) के सचिव के पद पर कार्यरत थे।

### आधार से डिजिलॉकर तक केंद्र में निभाई है अहम भूमिका



### प्रशासन और तकनीक दोनों में अनुभव

राजेश अग्रवाल प्रशासनिक क्षेत्र में लंबे अनुभव के साथ-साथ आधुनिक तकनीक के उपयोग के लिए भी जाने जाते हैं। उन्होंने आईआईटी दिल्ली से कंप्यूटर साइंस में बी.टेक किया है और प्रशासनिक सेवा में रहते हुए सामाजिक कल्याण योजनाओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# धर्मो रक्षति रक्षितः

**एजेंसी | बेंगलुरु/पणजी**

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गोवा के कैनाकोना में श्री संस्थान गोकर्ण जीवोत्तम मठ में पूजा की। यहां भगवान राम की 77 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमा का अनावरण किया। भगवान राम की सबसे ऊंची प्रतिमा गोवा के लोक निर्माण मंत्री दिगंबर कामत ने बताया कि इस प्रतिमा को 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' के शिल्पी राम सुतार ने तैयार किया है। उन्होंने दावा किया कि यह विश्व की सबसे ऊंची भगवान राम की प्रतिमा है।

- गोवा में पीएम मोदी ने 77 फीट की श्रीराम-प्रतिमा का किया अनावरण
- कर्नाटक में एक लाख लोगों के साथ गीता पढ़ी
- श्रीकृष्ण मठ में सोने का कलश चढ़ाया



### नया भारत न झुकता, न हिचकिचाता : पीएम मोदी

गोवा से पहले दिन में पीएम कर्नाटक पहुंचे थे। उडुपी में उन्होंने श्री कृष्ण मठ में पूजा-अर्चना की थी। यहां सुवर्ण तीर्थ मंडप का उद्घाटन किया और सोने का कलश चढ़ाया। इसके बाद पीएम ने 1 लाख लोगों के साथ श्रीमद्भगवद गीता का पाठ किया। पीएम ने उडुपी में 25 मिनट की स्पीच दी। यहां उन्होंने श्रीकृष्ण के गीता के उपदेशों की बात की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि गीता शांति और सत्य का संदेश देती है, लेकिन साथ ही यह भी सिखाती है कि अत्याचार करने वालों को रोकना जरूरी है।

## चिंताजनक रिपोर्ट — जेलों में महिलाएं यौन हिंसा और जबरन मजदूरी का सामना कर रहीं महिलाएं

# दुनियाभर के जेलों में अमानवीय हालातों का सामना कर रहीं महिलाएं

- इंस्टीट्यूट फॉर क्राइम एंड जस्टिस पॉलिसी रिसर्च की रिपोर्ट जारी
- पुरुषों के मुकाबले तीन गुना तेजी से बढ़ रही जेलों में महिलाओं की संख्या
- भारत सहित दुनियाभर के जेलों में दस लाख से अधिक महिलाएं बंद

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



दुनियाभर की जेलों में बंद करीब दस लाख महिलाएं अमानवीय परिस्थितियों का सामना कर रही हैं। पीनल रिफॉर्म इंटरनेशनल (PRI) की ताजा चेतावनी के अनुसार, महिला कैदियों को यौन हिंसा, शारीरिक प्रताड़ना और जबरदस्ती जैसे हालात झेलने पड़ रहे हैं। संगठन ने इसे एक उभरते वैश्विक संकट का रूप बताया है।

### महिलाओं की संख्या पुरुषों से ज्यादा तेजी से बढ़ी

रिपोर्ट में कहा गया है कि महिलाओं की कैद संख्या पुरुषों की तुलना में कहीं तेजी से बढ़ रही है। वर्ष 2000 से महिला कैदियों की संख्या में 57% की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जबकि पुरुषों में यह बढ़ोतरी सिर्फ 22% रही। कई जेलों में बुनियादी जरूरतों तक की पूर्ति नहीं हो पा रही है, जिससे हालात और बिगड़ रहे हैं। पीनल रिफॉर्म इंटरनेशनल और इंस्टीट्यूट फॉर क्राइम एंड जस्टिस पॉलिसी रिसर्च ने भारत समेत कई देशों की जेलों पर विस्तृत अध्ययन किया है। रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में अभी कम से कम 7.33 लाख महिलाएं और लड़कियां जेल में हैं।

### महिलाओं पर कानून की मार

अध्ययन में सामने आया कि महिलाओं द्वारा किए जाने वाले अपराध अक्सर गरीबी, घरेलू जिम्मेदारियों और मजबूरी से जुड़े होते हैं। कई देशों में गर्भपात, व्यभिचार, यौन आचरण और देह व्यापार से जुड़े कानूनों में महिलाएं सबसे अधिक प्रभावित होती हैं। छोटे-मोटे अपराधों में जुर्माना भरने या जमानत न दे पाने की स्थिति में भी उन्हें लंबे समय तक जेल में रहना पड़ता है।

### फर्जी जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र मिलने पर दर्ज होगी एफआईआर

**मुंबई।** जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्रों के बढ़ते फर्जीवाड़े पर नकेल कसते हुए महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने राज्यव्यापी कार्रवाई का आदेश दिया है। आधार कार्ड के आधार पर जारी सभी संदिग्ध प्रमाणपत्रों को तुरंत रद्द करने और संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। राजस्व विभाग ने इस संबंध में 16-सूत्रीय विस्तृत दिशा-निर्देश सभी जिलाधिकारियों, उप-विभागीय अधिकारियों और तहसीलदारों को भेजे हैं।

न्यूज़ ब्रीफ

## अंबरनाथ को दहशत, ठेकेदार मुक्त करने का लेना होगा संकल्प: सुषमा अंधारे

**अंबरनाथ।** अंबरनाथ पूर्व और पश्चिम में आयोजित शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) की उपनेता सुषमा अंधारे की जनसभा में भारी भीड़ उमड़ी, जहां उन्होंने शहर को ठेकेदारी प्रथा और गुंडागर्दी से मुक्त करने का आह्वान किया। अंधारे ने महायुति सरकार पर धर्म–जाति की राजनीति, पुलिस व्यवस्था पर दबाव, स्थानीय समस्याओं की अनदेखी और दुष्कर्म मामलों में राजनीतिक हस्तक्षेप का आरोप लगाया। उन्होंने अंबरनाथ की पानी, सड़क, बिजली और स्वास्थ्य सेवाओं की खराब हालत पर भी सवाल उठाए। भाजपा पर साधू हत्याकांड के आरोपी को पार्टी में शामिल करने और शिवसेना को तोड़ने की कोशिशों का आरोप लगाते हुए अंधारे ने कहा कि शिवसेना अपने निष्ठावान कार्यकर्ताओं को फिर से संगठित करेगी। उन्होंने महाविकास आघाड़ी की नगराध्यक्ष पद की उम्मीदवार अंजली राऊत सहित सभी उम्मीदवारों को जिताने की अपील की।

## आवारा कुत्तों के गायब होने पर जांच की मांग

**ठाणे!** शहर में आवारा कुत्तों के लगातार गायब होने और उनके अंगों के अवैध प्रत्यारोपण की आशंका को लेकर सांसद नरेश म्हस्के ने जांच की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि निजी संस्थाएं और पशु अस्पताल ठाणे से कुत्तों को मुंबई के देवनार इलाके में ले जाते हैं, जहां कई बार उन्हें वापस नहीं लाया जाता। कुछ पशु प्रेमियों की शिकायतों के आधार पर सांसद ने संभावित गिरोहों की भूमिका पर संदेह जताया और ठाणे नगर निगम के पशु चिकित्सा विभाग से स्पष्टीकरण मांगा। इस दौरान निगम ने 'पेट केयर ठाणे' सॉफ्टवेयर लॉन्च कर पालतू जानवरों के पंजीकरण, टीकाकरण और स्वास्थ्य रिकॉर्ड को डिजिटल रूप से दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की है।

## 5 से 7 दिसंबर तक रंगायतन में टीएमसी का मराठे संगीत समारोह

**ठाणे।** ठाणे म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन द्वारा आयोजित 30वां संगीतभूषण पंडित राम मराठे मेमोरियल म्यूज़िक फेस्टिवल 5 से 7 दिसंबर तक राम गणेश गडकरी रंगायतन में शाम 7 बजे से शुरू होगा, जहां दर्शक क्लासिकल सिंगिंग, कथक डांस और संगीतमय ड्रामा का आनंद मुफ्त में ले सकेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में अतिरिक्त आयुक्त संदीप मालवी व अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में बताया गया कि फेस्टिवल के उद्घाटन दिवस पर आशा खाडिलकर को संगीत भूषण सम्मान और कथक साधिका निधि प्रभु को युवा पुरस्कार दिया जाएगा, जिसके बाद पं. सुरेश बापट प्रस्तुति देंगे। तीन दिवसीय कार्यक्रम में राजेंद्र गंगानी, आरती अंकलीकर, उस्ताद शाहिद परवेज़, वैशाली पोतदार, सावनी परेकर, पं. अनंत जोशी, संवेद आर्ट्स का म्यूज़िकल ड्रामा 'जय जय गौरीशंकर', पं. सुरेश तलवलकर और राजा काले जैसी प्रमुख प्रस्तुतियां होंगी। सभी कार्यक्रम निःशुल्क होंगे और टिकट रंगायतन में उपलब्ध रहेंगे, साथ ही हर दिन दर्शकों में से एक विजेता को लकी ड्रॉ के माध्यम से पुरस्कार दिया जाएगा।

# 17 साल भी अनसुलझी कांग्रेस पार्षद काले की हत्या की गुत्थी

### हाईकोर्ट नेसीआईडी को लगाई फटकार

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

नवी मुंबई में कांग्रेस पार्षद आनंद काले की हत्या को 17 साल हो चुके हैं, लेकिन अभी तक हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। काले के बेटे प्रदीप काले ने इस मामले में हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। याचिका में उन्होंने दावा किया कि 20 से अधिक अधिकारियों ने केस की जांच की, फिर भी न तो हत्या का उद्देश्य स्पष्ट हो पाया और न ही अपराधियों को गिरफ्तार किया जा सका।

याचिका पर सुनवाई करते हुए बंबई उच्च न्यायालय की जस्टिस अजय गडकरी और रंजीत भोसले की बेंच ने पुणे क्राइम इन्वेस्टीगेशन डिपार्टमेंट (CID) फ्लाइंग स्क्वॉड से पूछा कि उन्होंने अब तक क्या जांच की है। कोर्ट ने पिछले सात साल से मामले की जांच कर रहे अधिकारियों को अपनी जांच की रिपोर्ट देने का भी आदेश दिया। प्रदीप काले ने यह भी कहा कि वे यह नहीं जान पाए हैं कि उनके पिता की हत्या क्यों की गई, और उन्होंने मामला किसी स्वतंत्र एजेंसी को ट्रांसफर करने की मांग की।

### पुलिस की रिपोर्ट और कोर्ट में उठाए गए सवाल



नवी मुंबई पुलिस ने मामले की प्रारंभिक जांच के बाद निचली अदालत में समरी रिपोर्ट फाइल की थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि अपराध हुआ था, लेकिन हत्या का कारण स्पष्ट नहीं है। अतिरिक्त पब्लिक प्रॉसिक्यूटर ने कोर्ट को बताया कि अपराधियों के बारे में कोई सुराग नहीं है और केस को सही ठहराने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं हैं। याचिकाकर्ता द्वारा निचली अदालत में पुलिस रिपोर्ट के खिलाफ दायर प्रोटेस्ट पिटीशन को भी मजिस्ट्रेट ने खारिज कर दिया था। हाई कोर्ट अब इस लंबित और संवेदनशील मामले में जांच की प्रगति की पूरी जानकारी मांग रही है।

# भिवंडी में भी सांसों पर संकट

### धूल-धक्कड़ से बेहाल शहर, सांस लेना हुआ मुश्किल

**भिवंडी।** भिवंडी शहर इन दिनों गंभीर प्रदूषण की चपेट में है। शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में सड़कों की खराब स्थिति और निर्माण कार्यों से उड़ रही धूल ने वातावरण को अत्यधिक प्रदूषित कर दिया है। इसका असर लोगों की सेहत पर साफ दिख रहा है—खांसी, सांस फूलना, दमा और गले में खराश जैसी समस्याएँ तेजी से बढ़ रही हैं। कई इलाकों में सुबह-शाम धूल की मोटी परत छायी रहती है, जिससे दृश्यता भी कम हो जाती है।



### सड़कें बदहाल, निर्माण कार्यों से बढ़ रही धूल

भिवंडी की कई मुख्य और आंतरिक सड़कें जगह-जगह गड्ढों से भरी पड़ी हैं। इन सड़कों से गुजरते वाहन तेज़ी से धूल उड़ाते हैं, जिससे हवा में प्रदूषक कणों की मात्रा खतरनाक स्तर पर पहुँच गई है। अंजुर फाटा से कल्याण नाका तक सड़क चौड़ीकरण के काम के दौरान मशीनों और भारी वाहनों से उठती धूल पूरे इलाके में फैल रही है। इसके अलावा भिवंडी-वाडा रोड, भिवंडी-अंजुर फाटा-चिंचोटी राजमार्ग, अंजुर फाटा-ठाणे राजमार्ग और भिवंडी-परोल मार्ग पर चल रहे मरम्मत कार्यों ने प्रदूषण को और बढ़ा दिया है। लोगों की आंखों में जलन, गले में खराश और सांस लेने में परेशानी आम हो गई है।

### स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ी, प्रशासन से तुरंत राहत के उपाय की मांग

डॉक्टरों का कहना है कि धूल का लगातार संपर्क फेफड़ों पर गंभीर असर डाल सकता है और लंबे समय में क्रॉनिक बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। धूल के कारण दृश्यता कम होने से वाहन चालकों के लिए सड़क पर चलना भी जोखिम भरा हो गया है। मोटरसाइकिल चालक मास्क और चश्मे के बिना निकलना मुश्किल बता रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क निर्माण स्थलों पर नियमित पानी का छिड़काव किया जाए, धूल रोकने के अस्थायी उपाय लागू किए जाएं और गड्ढों से भरी सड़कों की जल्द मरम्मत कर प्रदूषण पर नियंत्रण पाया जाए। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो भिवंडी की हवा दिल्ली जैसी गंभीर स्थिति में पहुँच सकती है।

# मतदान से पहले प्रचार पर नई रोक-समय सीमा तय

**ठाणे।** राज्य चुनाव आयोग ने नगर परिषदों और नगर पंचायतों के आम एवं उपचुनावों के लिए लागू होने वाले 'चुनाव प्रचार रोक' नियमों में बड़ा बदलाव किया है। अब पूरे राज्य में पोलिंग से एक दिन पहले रात 10 बजे तक चुनाव प्रचार बंद करने का प्रावधान लागू होगा। आयोग ने बताया कि अलग-अलग आदेशों और कानूनों में अलग-अलग समय निर्धारित होने के कारण इन नियमों को एकरूप बनाने की जरूरत पड़ी।

ठाणे जिले में नगर परिषद चुनावों के लिए मतदान 2 दिसंबर को है। नए नियम के अनुसार 1 दिसंबर 2025 की रात 10 बजे के बाद किसी प्रकार की सभा, रैली, भाषण, साउंडिंग बोर्ड या अन्य प्रचार




गतिविधि की अनुमति नहीं होगी। इसके बाद पूरी तरह साइलेंस पीरियड लागू हो जाएगा और किसी भी तरह के प्रचार को प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। यह आदेश राज्यभर के सभी संबंधित प्रशासनिक निर्देशों में अनिवार्य किया जाएगा।

### आयोग ने कड़ाई से पालन की अपील की

राज्य चुनाव आयोग के सचिव सुरेश काकानी ने नागरिकों, उम्मीदवारों, राजनीतिक दलों, मीडिया और स्थानीय चुनाव मशीनरी से इन संशोधित नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की है। आयोग का कहना है कि नई समयसीमा पारदर्शी और शांतिपूर्ण मतदान प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए लागू की गई है।

## आघारवाड़ी जेल में कैदी ने किया पुलिसकर्मी पर जानलेवा हमला

**ठाणे।** जिले के आधारवाड़ी जेल में स्थित सर्किल 6 में एक कैदी ने पुलिस कर्मी प्रभु चव्हाण पर जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में घायल प्रभू चव्हाण का इलाज निजी अस्पताल में जारी है। इस मामले की छानबीन खडक़पाड़ा पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है। खडकपाड़ा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अमरनाथ वाघमोड़े ने शुक्रवार को बताया कि आधारवाड़ी जेल में प्रभू चव्हाण गुरुवार को ड्यूटी पर थे। प्रभू ने जेल में स्थित सर्किल छह में कैदियों को आपस में बात करने से मना किया और उन्हें अपने बैरक में जाने को कहा। इससे नाराज कैदी हितेंद्र ठाकुर ने प्रभू पर जानलेवा हमला कर दिया। लेकिन इस घटना को देख अन्य कैदियों ने ही प्रभू को बचाया। इसके बाद पुलिसकर्मी प्रभू ने इस मामले की शिकायत खडकपाड़ा पुलिस स्टेशन में दर्ज करवाई है। इस मामले की छानबीन पुलिस उपनिरीक्षक वीवी गवाने कर रहे हैं।

# डोंबिवली में बनेगा अंतरराष्ट्रीय दर्जे का स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

### 180 करोड़ से सजेगा आधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

### मुख्यमंत्री व मंत्रियों ने दी मंजूरी, सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे की पहल सफल

**डोंबिवली।** डोंबिवली के ह.भ.प. संत सावळाराम महाराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के विकास कार्य को आखिरकार मंजूरी मिल गई है। इस प्रकल्प के लिए 180 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जो सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे की निरंतर कोशिशों का परिणाम है। इस फैसले में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उद्योग मंत्री उदय सामंत का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। पिछले कुछ वर्षों में सांसद डॉ. शिंदे ने कल्याण-डोंबिवली और आसपास के क्षेत्रों में कई आधुनिक खेल सुविधाओं की शुरुआत कराई है, जिसके तहत अब इस पुराने क्रीड़ा संकुल के आधुनिकीकरण का रास्ता साफ हुआ है।आधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के रूप में विकसित किए जा रहे इस प्रकल्प में 25 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र पर एक बहुमंजिला इमारत का निर्माण किया जाएगा।




### खिलाड़ियों के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस बहुमंजिला कॉम्प्लेक्स

नए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में योगा और जिम्नेजियम, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कराटे, मार्शल आर्ट्स, जूडो, स्क्वैश, स्नूकर, शूटिंग रेंज, जिम्नास्टिक, आधुनिक फिजियोथेरेपी सेंटर, बैंक्वेट हॉल और खिलाड़ियों के रहने की सुविधा जैसी कई महत्वपूर्ण व्यवस्थाएँ उपलब्ध होंगी। इस प्रकल्प का प्रस्ताव सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने राज्य सरकार को भेजा था, जिसे तत्कालीन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उद्योग मंत्री उदय सामंत ने मंजूरी प्रदान की।

# राज ठाकरे को करारा झटका

## मनसे जिला अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

डीबीडी संवाददाता | डोंबिवली

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के कल्याण-डोंबिवली जिला अध्यक्ष प्रकाश भोईर ने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। ऐन नगर निकाय चुनाव के दौरान यह इस्तीफा मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे के लिए एक बड़ा झटका साबित हुआ है।

प्रकाश भोईर ने बताया कि उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और जिला अध्यक्ष पद का इस्तीफा राज ठाकरे को भेज दिया है। उनका कहना है कि पार्टी में उन्हें उचित महत्व नहीं दिया जा रहा था, जिसके कारण उन्होंने मनसे से अलग होने का निर्णय लिया। उन्होंने यह भी कहा कि वे जल्द ही अपने अगले राजनीतिक कदम का ऐलान करेंगे।



### भाजपा में शामिल होने की संभावना

हालांकि प्रकाश भोईर हाल ही में कल्याण-डोंबिवली क्षेत्र में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण की मीटिंग में शामिल हुए थे। इससे यह संभावना जताई जा रही है कि भोईर जल्द ही भाजपा में शामिल हो सकते हैं और अपना राजनीतिक सफर वहीं से आगे बढ़ा सकते हैं।

# एमबीएमसी का पहला स्वतंत्र एमआरएफ सेंटर और संग्रहालय शुरू

**भाईंदर।** प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए एमबीएमसी आयुक्त/प्रशासक राधाबिनोद शर्मा ने मीरा रोड के डेल्टा परिसर में अपनी तरह का पहला स्वतंत्र मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (MRF) सेंटर और संग्रहालय का उद्घाटन किया। यह पहल एमबीएमसी और बिसलेरी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड की साझेदारी में शुरू की गई है।

प्लास्टिक के सुरक्षित निस्तारण के लिए बनाया गया यह केंद्र लगभग 4,500 स्क्वायर फीट में फैला है। बिसलेरी के 'बॉटल फॉर चेंज' अभियान के तहत शहर में उपयोग किए गए प्लास्टिक को एकत्र कर रिकवरी एंड सस्टेनेबिलिटी इंस्पिरेशन (RSI) सेंटर तक पहुंचाया जाएगा। यहां नागरिकों को प्लास्टिक को जिम्मेदारी से अलग करने और रीसायकल करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।




### शहर में 70 रीसायकल्ड बेंच होंगी स्थापित

लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर पुनर्चक्रित बोतलों के ढक्कनों से बनी 70 सार्वजनिक बेंच लगाई जाएंगी, ताकि पर्यावरण संरक्षण का संदेश आम लोगों तक पहुंचे। एमबीएमसी आयुक्त/प्रशासक राधाबिनोद शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए प्लास्टिक कचरा प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है। प्लास्टिक रिकवरी और सस्टेनेबिलिटी इंस्पिरेशन सेंटर शहर में प्लास्टिक निपटान को लेकर अनुशासन और जागरूकता बढ़ाएगा। उन्होंने इसे बिसलेरी के साथ सामुदायिक भागीदारी और शहरी स्तर पर चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

### शिक्षण संस्थानों और प्रतिष्ठानों में जागरूकता अभियान

अभियान के तहत स्कूलों, कॉलेजों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में प्लास्टिक के जिम्मेदार उपयोग और निपटान को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। नव-निर्मित संग्रहालय शहर को ज़ीरो प्लास्टिक टू लैंडफिल लक्ष्य की ओर अग्रसर करने में अहम भूमिका निभाएगा।

### पुनर्चक्रित सामग्री से बना संग्रहालय और आकर्षक कलाकृतियाँ

पूरी तरह से रीसायकल सामग्री से निर्मित यह संग्रहालय बच्चों और समुदाय को अनुभवात्मक शिक्षा प्रदान करता है। केंद्र में 2,000 पुनर्चक्रित प्लास्टिक बोतलों से बनी विशाल कलाकृति 'बिन्नी द बर्ड' मुख्य आकर्षण रही। संग्रहालय में प्लास्टिक कचरे से उपयोगी उत्पाद बनने की प्रक्रिया को दर्शाने वाले संवादात्मक प्रदर्शन भी लगाए गए हैं।

# बिल्डर पर 100 करोड़ की ठगी का आरोप

### पीड़ितों ने किया विधायक केलकर से संपर्क, न्याय की मांग

**भिवंडी।** ठाणे जिले के भिवंडी के पास खरबाव में 2011 से 2017 के बीच चल रहे बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट में करीब तीन हजार लोगों ने घर और प्लॉट खरीदने के लिए 80 प्रतिशत से अधिक राशि जमा की, लेकिन डेवलपर पिछले 15 सालों में घर नहीं दे सका। इस प्रोजेक्ट में कुल 100 करोड़ रुपये का घोटाला सामने आया है। ठगे गए परिवारों ने ठाणे शहर के विधायक संजय केलकर से मिलकर अपनी पीड़ा साझा की और न्याय की मांग की।




### नकली कागज़ात और प्रशासनिक कार्रवाई

जांच में पता चला कि डेवलपर महावीर पटवा और उनकी कंस्ट्रक्शन कंपनी ने नकली सरकारी कागज़ात का इस्तेमाल करके प्रोजेक्ट चलाया। 2015 में ठाणे डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर ऑफिस ने कार्रवाई करते हुए डेवलपर के खिलाफ मामला दर्ज किया और उसकी प्रॉपर्टी ज़ब्त कर ली। इसके बावजूद ठगे गए परिवारों को अभी तक उनके पैसे नहीं मिले हैं। इकोनॉमिक ऑफिस ब्रांच के अनुसार, इस घोटाले में प्रभावित लोगों ने डेवलपर को कुल 100 करोड़ रुपये जमा किए थे।

### विधायक संजय केलकर ने दिया फॉलोअप का आश्वासन

ठाणे में जन सेवकों के जनसंवाद प्रोग्राम में विधायक संजय केलकर ने कहा कि ठगे गए लोगों को अभी तक पब्लिक प्रॉसिक्यूटर नहीं मिला है। उन्होंने आश्वासन दिया कि डेवलपर की ज़ब्त की गई प्रॉपर्टी जल्द से जल्द बिके और लोगों को उनके पैसे वापस मिलें। केलकर ने कहा कि जब तक प्रभावित परिवारों को न्याय नहीं मिलता, वह उनके साथ खड़े रहेंगे। कार्यक्रम में राशन, लैंड रिकॉर्ड, मेट्रोपॉलिटन गैस कनेक्शन, टैक्स रसीदें, प्रोविडेंट फंड और पानी जैसी सुविधाओं से जुड़े प्रतिनिधियों ने भी अपने मुद्दे रखे। इसमें पूर्व डिप्टी मेयर अशोक भोईर, ट्रांसपोर्ट मेंबर विकास पाटिल, ठाणे डिस्ट्रिक्ट हाउसिंग फेडरेशन के प्रेसिडेंट सीताराम राणे और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# दालों के लिए आत्मनिर्भरता मिशन होगा लागू

### राज्य के 34 जिलों में अगले पांच सालों तक चलाया जाएगा अभियान

**मुंबई।** प्रदेश सरकार ने दालों में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए केंद्र सरकार के आत्मनिर्भरता मिशन को लागू करने की प्रशासनिक मंजूरी दे दी है। यह अभियान साल 2025-26 से 2030-31 तक चलेगा, जिसमें राज्य सरकार भी सक्रिय भागीदारी करेगी। इस मिशन में मुंबई शहर और उपनगर को छोड़कर राज्य के 34 जिलों को शामिल किया गया है। रबी फसल सीजन से इसकी शुरुआत होगी। शासनादेश के अनुसार, इस योजना का लाभ एससी, एसटी और महिला किसानों को प्राथमिकता के साथ मिलेगा।

### केंद्र से 60% और राज्य से 40% निधि, बीज पर मिलेगा 100% अनुदा



योजना के वित्तीय ढांचे के तहत केंद्र सरकार 60 फीसदी और राज्य सरकार 40 फीसदी निधि उपलब्ध कराएगी। वहीं दालों के मूलभूत बीज खरीदने और आधारभूत बीज उत्पादन के लिए केंद्र सरकार की ओर से 100 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। केंद्र सरकार पूरे देश में इस अभियान के लिए 11,440 करोड़ रुपये खर्च करेगी, जिससे दाल उत्पादन बढ़ाने, किसानों की आय मजबूत करने और आयात पर निर्भरता कम करने का लक्ष्य रखा गया है।

# आरक्षण की सीमा के भीतर ही होंगे चुनाव : राज्य चुनाव आयुक्त

धीरज सिंह । मुंबई



राज्य में प्रस्तावित जिला परिषद और पंचायत समिति के चुनाव निर्धारित समय पर ही होंगे। हालांकि कुछ जगहों पर नई आरक्षण लॉटरी निकालने की जरूरत पड़ने से चुनाव में थोड़ी देरी हो सकती है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद राज्य के मुख्य चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा के भीतर रहते हुए चुनाव अवश्य कराए जाएंगे।

## नगर परिषद और पंचायत चुनाव भी समय पर

वाघमारे ने बताया कि राज्य में 2 दिसंबर को नगर परिषद और नगर पंचायतों के लिए मतदान होगा। इनमें से 40 नगर परिषद और 17 नगर पंचायतों में आरक्षण 50 प्रतिशत से अधिक हो गया है। ऐसे स्थानों पर चुनाव के नतीजे कोर्ट के निर्णय के अधीन रहेंगे। वहीं, 12 जिला परिषदों में आरक्षण 50 प्रतिशत से कम होने के कारण वहां चुनाव कभी भी कराए जा सकते हैं। लेकिन जिन 17 नगर परिषदों में आरक्षण सीमा अधिक हुई है, वहां नई आरक्षण लॉटरी निकलने में लगभग 15 दिन लगेंगे, जिससे जिला परिषद चुनाव की अधिसूचना थोड़ी देर से जारी हो सकती है।

## महानगरपालिका चुनाव भी समयबद्ध पूरा करने का प्रयास

राज्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि सभी महानगरपालिकाओं के चुनाव समय पर कराने का प्रयास किया जा रहा है। केवल नागपुर और चंद्रपुर महानगरपालिकाओं में आरक्षण सीमा बढ़ने के कारण कुछ समस्याएं हो सकती हैं। फिर भी चुनाव आयोग का लक्ष्य है कि 31 जनवरी से पहले सभी महानगरपालिकाओं के चुनाव पूरे किए जाएं। इसमें देरी भी होती है तो अधिकतम 8 दिन की होगी और फरवरी के पहले हफ्ते तक पूरी चुनाव प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी।

# धनबल पर चुनाव लड़ रहे सत्ताधारी : उद्धव ठाकरे

डीबीडी संवाददाता । मुंबई



स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं के चुनावों के बीच शिवसेना (उद्धव) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने सत्ताधारियों पर धनबल का सहारा लेने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत और नगर परिषद चुनावों में "पैसों की भयानक अतिवृष्टि" हो रही है और सत्ताधारी नेता विकास के मुद्दों से दूर, केवल नोटों की थैलियों के दम पर चुनाव लड़ रहे हैं। उनके अनुसार सत्ता का नशा इतना है कि नेता मतदाताओं की समस्याओं से ज्यादा वोट बैंक पर नज़र रख रहे हैं। उद्धव ने कहा कि हाल ही में वे किसानों के बीच गए थे और उनकी व्यथा सुनी, लेकिन एक भी मंत्री किसानों की जमीन पर जाकर उनकी स्थिति समझने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि सत्ताधारी नेता गांव-गांव जाकर समस्याएं सुनने के बजाय पैसे बांटकर वोट मांग रहे हैं, जो लोकतंत्र के लिए बेहद खतरनाक संकेत है।

## मुंबई के प्रदूषण पर निशाना

मुंबई की हवा पर बढ़ते खतरे को लेकर उद्धव ठाकरे ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि शहर की हवा इतनी जहरीली हो चुकी है कि लोगों की सेहत के लिए जानलेवा बन गई है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यह धुआं इथियोपिया के ज्वालामुखी से नहीं, बल्कि "भ्रष्टाचार के ज्वालामुखी" से निकल रहा है। आरे में पेड़ काटने और बिना योजना के विकास कार्यों को प्रदूषण बढ़ने के लिए जिम्मेदार बताया। उद्धव ने नाशिक में अगले साल होने वाले कुंभ मेले की तैयारियों पर भी सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा की जिम्मेदारी सरकार की है, लेकिन नाशिक का पालकमंत्री अब तक नियुक्त नहीं किया गया।

# विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को जोड़ने के लिए कांग्रेस का सदस्यता अभियान शुरू

## प्रोफेशनल कांग्रेस में विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को बड़ी संख्या में जुड़ना चाहिए: पल्लवी नायक




देवेंद्रनाथ जैस्वार । मुंबई

कांग्रेस पार्टी में डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, खिलाड़ी, कलाकार और अन्य क्षेत्रों के लोगों की भागीदारी पहले से रही है, लेकिन अब प्रोफेशनल कांग्रेस एक स्वतंत्र और सक्रिय मंच के रूप में कार्य कर रही है। इसी उद्देश्य से व्यापक सदस्यता अभियान शुरू किया गया है, ताकि विभिन्न क्षेत्रों के अधिक से अधिक लोग इस मंच से जुड़ सकें। तिलक भवन में आयोजित पत्रकार परिषद में पल्लवी नायक ने लोगों से अपील की कि वे 15 दिसंबर तक सदस्यता लेकर कांग्रेस से जुड़ें।

## आईटी क्षेत्र सहित कई पेशों की चुनौतियों पर प्रोफेशनल कांग्रेस की नजर

पल्लवी नायक ने बताया कि प्रोफेशनल कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर का महत्वपूर्ण संगठन है और इसके सदस्य जिले स्तर तक मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में आईटी क्षेत्र सहित कई प्रोफेशनल सेक्टर्स में काम का तनाव अत्यधिक है, नौकरी की स्थिरता नहीं है और सामाजिक सुरक्षा की भारी कमी है। आईटी क्षेत्र में अस्थिरता और उच्च तनाव के कारण कुछ पेशेवर आत्महत्या तक कर रहे हैं, जो बेहद चिंताजनक है। इन परिस्थितियों में प्रोफेशनल कांग्रेस ऐसे लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच का काम कर रही है। आईटी, स्वास्थ्य, वित्त, खेल, कला, कृषि, पर्यावरण, आर्किटेक्चर, LGBTQIA समुदाय और गिग वर्कर्स—इन सभी के अधिकारों के लिए पार्टी आवाज उठा रही है और नीतियां बनाने की दिशा में काम कर रही है।

## विभिन्न क्षेत्रों की आवाज बन रहा है यह मंच

पत्रकार परिषद में प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री धनंजय शिंदे, डॉ. निमिष साने और मारियो पेन्या ने भी प्रोफेशनल कांग्रेस की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कई पेशेवर राजनीतिक दलों के साथ काम करना चाहते हैं, लेकिन उनके लिए उचित मंच की कमी रहती है। कांग्रेस ने इस कमी को दूर करते हुए उन्हें एक मजबूत, संगठित और सार्थक मंच उपलब्ध कराया है।

# डिलीवरी बॉय मोहित स्वामी की हत्या का खुलासा

## दो आरोपी हुए गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई पुलिस ने अंधेरी के पाइपलाइन इलाके में डिलीवरी बॉय मोहित स्वामी (30) की हत्या का मामला सुलझा लिया है। दो दिन पहले हुई हत्या के बाद आरोपी फरार हो गए थे, लेकिन पुलिस ने उत्तर प्रदेश से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

जांच में पता चला कि हत्या का कारण मोहित की पत्नी का दूसरे लड़के के साथ संबंध होना था। मोहित उत्तर प्रदेश का मूल निवासी था और अपनी पत्नी के साथ अंधेरी में रह रहा था। कुछ दिन पहले मोहित ने अपनी पत्नी को रंगेहाथ पकड़ लिया और उसे पीटने के बाद चेतावनी दी कि वह उससे न मिले। इसके बाद आरोपी लड़के ने अपने दोस्त के साथ मिलकर मोहित को मारने की साजिश रची।

## उत्तर प्रदेश से गिरफ्तारी



25 नवंबर को आरोपी उत्तर प्रदेश से मुंबई आए और मोहित को अंधेरी के सुनसान पाइपलाइन इलाके में शराब पीने के लिए बुलाया। नशे में होने के बाद विवाद बढ़ा और आरोपियों ने तेज धारदार हथियार से हमला कर मोहित की हत्या कर दी। अगली सुबह स्थानीय निवासियों की सूचना पर पुलिस मोहित को अस्पताल ले गई, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने मोहित की पत्नी और परिवार से पूछताछ कर अहम सुराग जुटाए और उत्तर प्रदेश जाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने हत्या की बात स्वीकार की। पुलिस आगे की कार्रवाई उनके बयान और जांच के आधार पर कर रही है।

# चेंबूर स्पा में रेड के बाद थाई थेरेपिस्ट ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई के चेंबूर स्थित युवान थाई स्पा में पिछले महीने आरसीएफ थाना पुलिस की छापेमारी अब एक नए विवाद में घिर गई है। स्पा से हिरासत में ली गई थाईलैंड की 38 वर्षीय थेरेपिस्ट ने आरोप लगाया है कि छापे से पहले पुलिस की ओर से ग्राहक बनाकर भेजे गए एक व्यक्ति ने उसके साथ अश्लील हरकतें की और विरोध करने पर डराया धमकाया। इसके आधार पर पुलिस ने बीएनएस धाराओं और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के अनुसार घटना 27 अक्टूबर की शाम लगभग 5:45 बजे हुई। वह एक ग्राहक को डीप टिश्यू मसाज दे रही थी, तभी फर्जी ग्राहक ने छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर उसने खुद को प्रभावशाली बताते हुए पुलिस से संबंध होने का दावा किया और धमकाया। मसाज देने से इनकार करने पर आरोपी ने उसे निर्वस्त्र कर दिया। इस दौरान कमरे में तीन अज्ञात लोग घुस आए और पीड़िता की न्यूड फोटो व वीडियो बना लिए। इसके बाद चारों आरोपी फरार हो गए। करीब एक महीने डर और सदमे में रहने के बाद पीड़िता ने सांताक्रूज पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

## पुलिस की प्रतिक्रिया और जांच जारी




आरसीएफ पुलिस ने कहा कि छापेमारी के दौरान स्पा की सभी महिलाओं के बयान दर्ज किए गए और मेडिकल जांच भी कराई गई थी, लेकिन उस समय किसी ने कोई शिकायत नहीं की। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह भी कहा कि संभव है कि पीड़िता झूठे आरोप लगा रही हो। वहीं सांताक्रूज पुलिस ने मामले को बेहद संवेदनशील बताते हुए कहा कि दोनों पक्षों के आरोप-प्रत्यारोप की गहन जांच की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि हर एंगल से मामले की जांच की जा रही है और उम्मीद है कि जल्द ही सच्चाई सामने आएगी।

# बॉम्बे हाई कोर्ट में स्थानीय निकाय चुनावों को लेकर 70 से अधिक याचिकाएं

**मुंबई।** राज्य में आगामी स्थानीय निकाय चुनावों को लेकर बॉम्बे हाई कोर्ट में 70 से अधिक अलग-अलग याचिकाएं दायर की गई हैं। इन याचिकाओं में वार्डों का डिलिमिटेशन, रिजर्वेशन और वोटर लिस्ट में नाम न होने जैसे मुद्दे शामिल हैं। अदालत ने निर्देश दिया है कि सभी याचिकाओं को विषय के अनुसार बांटा जाए, ताकि प्रत्येक मामले पर उसी आधार पर फैसला लिया जा सके।

मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड की पीठ ने कहा कि फिलहाल याचिकाओं पर सुनवाई नहीं की जा रही है, क्योंकि हर दिन नई याचिकाएं दायर हो रही हैं। अधिकांश याचिकाएं परिषद और पंचायत चुनावों से जुड़ी हैं, जबकि केवल कुछ नगर पालिका चुनाव से संबंधित हैं। पीठ ने यह भी कहा कि चुनाव के बारे में पार्टियों को पहले से जानकारी थी, लेकिन याचिकाएं अब फाइल की जा रही हैं, इसलिए अधिकारियों से जवाब जल्द फाइल करने की मांग करना संभव नहीं है।

## आगामी चुनाव और याचिकाओं का असर



राज्य में 246 नगर पालिका परिषद और 42 नगर पंचायत के चुनाव 2 दिसंबर को होने हैं, जिनमें 6859 सदस्य और 288 प्रेसिडेंट चुने जाएंगे। इसके अलावा 29 महानगरपालिका, 32 जिला परिषद और 336 पंचायत समितियों के चुनाव के शेड्यूल अभी घोषित होना बाकी हैं। इस महीने की शुरुआत में पीठ ने वोटर लिस्ट में नाम शामिल करने की मांग वाली कम से कम चार याचिकाओं को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि चुनाव का नोटिफिकेशन जारी होने के बाद याचिकाओं पर विचार नहीं किया जा सकता।

# 11 वार्डों में नहीं आएगा दो दिन पानी



**मुंबई।** मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) ने घाटकोपर (पूर्व) स्थित छेडा नगर जंक्शन के पास मुख्य 3000 मिमी जलवाहिनी की मरम्मत का निर्णय लिया है। इसके चलते 1 से 2 दिसंबर 2025 तक मुंबई के 11 वार्डों में पानी की आपूर्ति प्रभावित रहेगी। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे पानी का संयमित उपयोग करें और कटौती के दौरान आवश्यक पानी सुरक्षित रख लें।

बीएमसी के अनुसार अमर महल भूमिगत मार्ग के शाफ्ट पर 2500 मिमी व्यास की नई पाइपलाइन जोड़ने का कार्य 1 दिसंबर सुबह 10 बजे से 2 दिसंबर दोपहर 4 बजे तक किया जाएगा। इस कारण दक्षिण मुंबई से लेकर पूर्वी उपनगरों तक 11 वार्डों में जलापूर्ति या तो कम दबाव से मिलेगी या पूरी तरह बंद रहेगी। 'ए', 'बी', 'सी', 'ई', 'एफ उत्तर', 'एफ दक्षिण', एल, एम पूर्व, एम पश्चिम, एन और एस वार्डों के कई क्षेत्रों—जैसे सायन, वडाला, दादर, परेल, तिलक नगर, कुर्ला, मानखुर्द, चेंबूर कैंप, घाटकोपर, भांडुप और विक्रोली—में पानी की सप्लाई सबसे अधिक प्रभावित होगी।

# प्रभादेवी पुल बंद होने से बसें ओवरलोड

## बेस्ट ने बसों की संख्या बढ़ाने का किया फैसला

**मुंबई।** प्रभादेवी (एल्फिंस्टन) फ्लाईओवर की मरम्मत के लिए बंद होने के कारण यातायात को वैकल्पिक मार्गों पर मोड़ा गया है। इससे कई बस रूट प्रभावित हुए हैं या कुछ सेवाएँ रोक दी गई हैं। परिणामस्वरूप बस रूट संख्या 40 पर यात्रियों की भीड़ काफी बढ़ गई है, क्योंकि फिलहाल यह एकमात्र उपलब्ध विकल्प बचा है। भीड़ को देखते हुए अब बेस्ट प्रशासन ने इस रूट पर बस सेवाएँ बढ़ाने का निर्णय लिया है।

वर्ली–शिवड़ी एलिवेटेड रोड परियोजना के कारण प्रभादेवी पश्चिम से परेल–शिवड़ी आने वाली बसें क्रमांक A-162, 168 और 201 केवल प्रभादेवी तक सीमित कर दी गई हैं। इन रूटों के बंद होने से दादर (पश्चिम) जाने वाले छात्र और नागरिक अब बस संख्या 40 का इस्तेमाल कर रहे हैं। प्रबोधनकर ठाकरे उद्यान, शिवड़ी और दिंडोशी के बीच चलने वाला यह रूट शिवड़ी, हिंदमाता, दादर टीटी और दादर प्लाज़ा होकर गुजरता है। इसलिए शिवड़ी से दादर पश्चिम जाने वालों के लिए यही मुख्य विकल्प है। विशेष रूप से शारदाश्रम स्कूल के छात्रों और अभिभावकों के लिए यह रूट अत्यंत महत्वपूर्ण है।



## बेस्ट की पहल और फ्लीट बढ़ाने की योजना

बस रूट 40 पर सेवाएँ बढ़ाने के लिए सबसे पहले बस बेड़ा बढ़ाना आवश्यक है। फिलहाल बेस्ट के पास पर्याप्त बसें नहीं हैं, लेकिन यात्रियों की समस्याओं को देखते हुए प्रशासन ने अन्य रूटों की बसों को अस्थायी रूप से रूट 40 पर शिफ्ट किया है।


## पश्चिम रेलवे तीन साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनों के फेरे बढ़ाएगा

| ट्रेन नं. | कहां से | कहां तक | दौड़ का दिन | तक बढ़ाया गया |
|---|---|---|---|---|
| 09007 | वलसाड | खातीपुरा | गुरुवार | 25.12.2025 |
| 09008 | खातीपुरा | वलसाड | शुक्रवार | 26.12.2025 |
| 09575 | राजकोट | महबुबनगर | सोमवार | 29.12.2025 |
| 09576 | महबुबनगर | राजकोट | मंगलवार | 30.12.2025 |
| 09520 | ओखा | मदुरै | सोमवार | 29.12.2025 |
| 09519 | मदुरै | ओखा | शुक्रवार | 02.01.2026 |

रुकने के समय और कंपोजिशन के बारे में पूरी जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं।

ट्रेन नंबर 09007, 09575 और 09520 के लंबे ट्रिप की बुकिंग 29.11.2025 से PRS काउंटर और IRCTC वेबसाइट पर शुरू होगी। ऊपर बताई गई ट्रेनें स्पेशल किराए पर स्पेशल ट्रेनों के तौर पर चलेंगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें facebook.com/WesternRly
हमें फॉलो करें X.com/WesternRly
हमें फॉलो करें Instagram/WesternRly

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान पत्र साथ लाएँ

## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

**(रखरखाव विभाग, के/पूर्व)**

**अभिरुचि की अभिव्यक्ति**

**विषय : के/पूर्व) वार्ड अंतर्गत रखरखाव विभाग के अधीन रोड चौकियों हेतु अतिरिक्त मजदूरों की आपूर्ति का कार्य।**

के/ईस्ट वार्ड का रखरखाव विभाग रोड चौकियों के लिए अतिरिक्त मजदूरों की आपूर्ति हेतु निम्नलिखित पंजीकृत संस्थाओं से अभिरुचि की अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रित करता है — पंजीकृत सहकारी संस्था, सेवा सहकारी संस्था, बेरोजगार सेवा सहकारी संस्था, औद्योगिक उत्पादक सहकारी संस्था तथा एकल स्वामित्व वाली फर्म, जो दिनांक 27.11.2023 से के/पूर्व वार्ड क्षेत्राधिकार में पंजीकृत हों। संस्थाओं के माध्यम से मजदूर उपलब्ध कराने हेतु पात्रता सूची तैयार करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं, जिसके आधार पर लॉटरी (ड्रॉ) द्वारा कार्य आवंटित किया जाएगा।

| अ क्र. | कार्य का नाम | चयनित की जाने वाली संस्थाओं की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | के/पूर्व वार्ड अंतर्गत रखरखाव विभाग के अधीन रोड चौकियों हेतु अतिरिक्त मजदूरों की आपूर्ति | 02 |

इच्छुक आवेदक सहायक अभियंता (रखरखाव), के/पूर्व वार्ड के कार्यालय से रु. 3000/- + 18% जीएसटी नकद, किसी भी CFC सेंटर में भुगतान कर आवेदन प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन प्रपत्र प्राप्त करने की **अवधि: 28.11.2025 से 02.12.2025** तक, समय: प्रातः 10:30 बजे से सायं 05:30 बजे तक। पात्र संस्थाओं की सूची से चयनित संस्थाओं को नियम एवं शर्तों के अनुसार सहायक आयुक्त द्वारा कार्य आवंटित किया जाएगा।

अधिक जानकारी, आवेदन प्रपत्र एवं शपथ-पत्र (Affidavit) के नमूने हेतु इच्छुक संस्थाएं के/ईस्ट वार्ड कार्यालय से संपर्क करें अथवा महानगरपालिका की वेबसाइट **http://portal.mcgm.gov.in** पर जाएं। सभी संस्थाओं को अपने आवेदन सहायक अभियंता (मेंटेनन्स), के/ईस्ट वार्ड कार्यालय में दिनांक 05.12.2025 को दोपहर 01:30 बजे तक प्रस्तुत करने होंगे। निर्धारित तिथि व समय के पश्चात प्राप्त किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

हस्ताक्षर/-
**सहायक अभियंता (रखरखाव)**
**के/पूर्व वार्ड**

पीआरओ/2436/विज्ञा./2025-26

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

## मध्य रेल
### ई–निविदा सूचना

निविदा सूचना क्र. आरआर/पीआर/एसएनपीडी/291/24–25/67/आर **1. कार्य का विवरण:** 80x10 वर्गमीटर आकार के व्हील शॉप शेड का निर्माण, जिसमें सामान्य विद्युतीकरण तथा 5 टन क्षमता वाले ईओटी क्रेन हेतु गैण्ट्री गर्डर की व्यवस्था शामिल है, जो लोको व्हील के रखरखाव, पीओएच तथा अन्य विविध गतिविधियों के लिए ईएमयू पीओएच वर्कशॉप, सानपाड़ा में किया जाना है। **2. अनुमानित लागत:** Rs. 23027254.7 **3. ई एम डी:** Rs. 265100/– **4. निविदा प्रपत्रका शुल्क:** NIL **5. समापन अवधी:** 12 महीना **6. निविदा जमा करने की तिथि एवं अवधी:** 18/12/2025, 14:30 बजे तक **7. बोली शुरू करने की तारीख:** 04/12/2025 **8.** टेंडर केवल ई टेंडरिंग में वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। टेंडर पंजिका वेबसाइट में उपलब्ध है। 696

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करे

## PUBLIC NOTICE

NOTICE hereby given public at large issued on 28th November 2025 that, **Mrs. SUCIHITA GANESH SHELAR & GANESH DHONDIRAM SHELAR** want to sale their Flat No. A/004, Honeycom Apartment Co-op. Hsg. Soc. Ltd., Samel Pada, Samrat Ashok Nagar, Dange Colony, Nallasopara (West), Palghar - 401203. The said Mrs. SUCHITA GANESH SHELAR & GANESH DHONDIRAM SHELAR had purchased the above said Flat from Mr. PANDURANG SHIVRAM GORULE and Mr. PANDURANG SHIVRAM GORULE had purchased the said flat from Mr. PARSHURAM RAJARAM BHARSAKAL.

If having any objection, claim by any one please contact on below mentioned addressed & Contact Number **within 15 days** from the publication of this notice, else it is considered that no one have any objection regarding the said flat sale/purchase.

**Sd/**
**Mr. VIVEK SINGH**
**Advocate, Hiigh Court, Bombay**
Address: C-35/101, Heli, Sector -11, Mira Road (E), Dist. Thane - 401107.
Mobile No. : 9769990888

## पश्चिम रेलवे
### विभिन्न कार्यों हेतु

वरिष्ठ मंडल अभियंता (दक्षिण), एमएमसीटी, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400008 निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएँ आमंत्रित करते हैं। **क्रमांक 1: ई–निविदा सूचना क्र.: BCT/25-26/265 दिनांक: 26.11.2025 कार्य व स्थान:** चर्चगेट-विरार खंड – ADEN (T/S) PL सेक्शन के अंतर्गत ट्रैक से मलबा, कचरा, प्लास्टिक, प्लास्टिक बैग, कागज एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री का हटाना एवं निस्तारण। **अनुमानित लागत:** 1,17,15,686.80 **ईएमडी (जमानत राशि):** 2,08,600/- **क्रमांक 2: ई-निविदा सूचना क्र.: BCT/25-26/266 दिनांक: 26.11.2025 कार्य व स्थान:** चर्चगेट-विरार उपनगरीय खंड – रोबोटिक वेल्डिंग तकनीक का उपयोग करके CMS क्रॉसिंग का इन-सिटू री-कंडीशनिंग। **अनुमानित लागत:** 1,38,78,753/- **ईएमडी (जमानत राशि):** 2,19,400/- दोनों निविदाओं के लिए महत्वपूर्ण तिथियाँ निविदा जमा करने की **अंतिम तिथि एवं समय:** 23.12.2025 को अपराह्न 15:00 बजे तक **निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** 23.12.2025 को अपराह्न 15:30 बजे अधिक जानकारी हेतु कृपया वेबसाइट देखें: **www.ireps.gov.in** 0845

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

संपादकीय

# भयावह जलवायु संकट

ब्राजील के बेलेम में संपन्न कॉप-30 सम्मेलन में जारी 'जलवायु जोखिम सूचकांक-2026' रिपोर्ट में उल्लेखित आंकड़े भारत से जुड़ी जलवायु संकट की भयावह तस्वीर दिखाते हैं। रिपोर्ट बताती है कि भारत दुनिया में जलवायु आपदाओं से सबसे ज्यादा प्रभावित पहले दस देशों में शामिल हैं। यह डराने वाली रिपोर्ट बताती है कि पिछले तीन दशक में भारत में आई जलवायु संकट से जुड़ी आपदाओं में करीब अस्सी हजार लोगों को मौत का ग्रास बनना पड़ा। इतना ही नहीं करीब 170 अरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान भी देश को उठाना पड़ा है। ये आंकड़े जलवायु संकट के देश पर पड़ने वाले घातक प्रभावों की तस्वीर उकेरते हैं। जो बताते हैं कि इस संकट से उबरने के प्रयासों में और तेजी लाने की जरूरत है। निश्चित तौर पर इस दिशा में यदि युद्ध स्तरीय प्रयास तेज नहीं किए जाते तो भविष्य में परिणाम और घातक हो सकते हैं। ये प्रयास केवल सरकारी स्तर पर ही नहीं, सामाजिक स्तर पर भी तेज करने की जरूरत है। जागरूकता अभियानों में भी तेजी लाने की जरूरत है। इस संकट ने फसलों पर पड़ने वाले व्यापक प्रभाव से हमारी खाद्य शृंखला पर भी संकट मंडरा सकता है। हमें 140 करोड़ से अधिक आबादी वाले देश का पेट भरने के लिये इस दिशा में शोध-अनुसंधान के साथ व्यापक किसान जागरूकता कार्यक्रम भी चलाने की जरूरत है। दरअसल, जलवायु संकट के चलते देश में जो ज्यादा नुकसान हुआ है, उसके पीछे लगातार आ रहे चक्रवात, कुछ इलाकों में सूखे और बाढ़ की लगातार पैदा होती स्थितियां हैं। जाहिर इसके मूल में तेजी से बढ़ता वातावरण का तापमान ही है। जिसका मुख्य कारक ग्लोबल वार्मिंग ही है। निश्चित रूप से भारत में जलवायु संकट की स्थिति लगातार विकट होती जा रही है। निर्विवाद रूप से देश के सामने पैदा मौसमी आपदाओं से हमारे विकास में भी बाधा उत्पन्न हो रही है। जो जीविका संकट भी पैदा कर रहा है। दरअसल, बेलेम में संपन्न कॉप-30 सम्मेलन में जारी की गई 'जलवायु जोखिम सूचकांक-2026' रिपोर्ट उन संकटपूर्ण स्थितियों का भी खुलासा करती है जो जलवायु संकट के कारण पैदा हो रहे हैं। रिपोर्ट बताती है कि पिछले वर्ष भारी बारिश व विनाशक रूप में आई बाढ़ से देश में करीब अस्सी लाख लोग बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। इसमें दो राय नहीं कि भारत सरकार ने जलवायु संकट से निपटने के लिए अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी के समक्ष अपनी प्रतिबद्धता बार-बार जतायी है। इस संकट से उबरने के लिये नवीकरणीय ऊर्जा के विकल्प को युद्ध स्तर पर आगे बढ़ाने का प्रयास भी किया है। देश में कार्बन उत्सर्जन को कम करने में नवीकरणीय ऊर्जा की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। देश वनों का दायरा को भी बढ़ाने की जरूरत है। विकास देश की प्राथमिकता है, लेकिन यह विकास वनों के विनाश की कीमत पर नहीं होना चाहिए। साथ ही इस दिशा में जो भी कदम उठाये जाएं उनका प्रभाव जमीनी स्तर पर कितना हो रहा है, इस बात का लगातार मूल्यांकन भी जरूरी है। साथ ही रीति-नीतियों को प्रभावी तरीकों से अमलीजामा पहनाने की जरूरत होगी। जिसके लिये लोकतंत्र की सबसे छोटी इकाइयों ग्राम पंचायत से लेकर शहरी निकायों को भी शामिल करने की जरूरत होगी। दरअसल, जलवायु परिवर्तन से उपजा संकट केवल भारत की ही चुनौती नहीं है। यह एक वैश्विक संकट है। जो इस बात से पता चलता है कि पिछले तीन दशकों में नौ हजार से अधिक मौसमी आपदाओं ने पूरी दुनिया में आठ लाख से अधिक लोगों को असमय काल का ग्रास बनाया है। लेकिन इस संकट की सबसे बड़ी विडंबना यही है कि इसकी सबसे बड़ी कीमत वे विकासशील व गरीब देश चुका रहे हैं, जिनकी वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में सबसे कम भूमिका रही है। दुर्भाग्य से विकासशील देश जहां इन संकटों की दृष्टि से जहां ज्यादा संवेनशील हैं, वहीं इससे मुकाबले के लिये उनके संसाधन सीमित हैं। उनके प्रतिरोध की क्षमता सीमित है। जिन्हें तत्काल व्यापक वित्तीय सहायता की जरूरत है। ऐसे में विकसित देशों का नैतिक दायित्व बनता है कि उनका सहयोग सिर्फ विकासशील देशों को वित्तीय व तकनीकी सहयोग तक सीमित न रहे। साथ ही वे अपने कार्बन उत्सर्जन में भी कमी लाएं।

## शख्सियत | ललित मोदी

### आईपीएल के संस्थापक



ललित कुमार मोदी (जन्म 29 नवंबर 1963) एक भारतीय-वानुअतु व्यवसायी और पूर्व क्रिकेट प्रशासक हैं। वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के संस्थापक, पहले अध्यक्ष और लीग कमिश्नर थे, और उन्होंने 2010 तक तीन साल तक टूर्नामेंट चलाया। उन्होंने 2008 से 2010 तक चैंपियंस लीग के अध्यक्ष के रूप में भी काम किया और 2005 से 2010 तक बीसीसीआई के उपाध्यक्ष रहे।

उन्होंने 2005 से 2009 तक और फिर 2014 से 2015 तक राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष और 2004 से 2012 तक पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष के रूप में भी काम किया है।ललित कुमार मोदी का जन्म 29 नवंबर 1963 को दिल्ली में भारत के एक प्रमुख व्यावसायिक परिवार में हुआ था। वे कृष्ण कुमार मोदी और उनकी पत्नी बीना मोदी के बड़े पुत्र हैं। उनकी एक बड़ी बहन, चारु मोदी भरतिया, और एक छोटा भाई, समीर मोदी हैं। उनके दादा गूजर मल मोदी ने मोदी समूह व्यावसायिक समूह और मोदीनगर शहर की स्थापना की थी। उनके पिता केके मोदी ने पारिवारिक व्यवसाय का खूब विस्तार किया।

मोदी ने 1971 में शिमला के बिशप कॉटन स्कूल में दाखिला लिया। बाद में उनके परिवार ने अपहरण की धमकी के कारण उन्हें सेंट जोसेफ कॉलेज, नैनीताल में स्थानांतरित कर दिया। 1980 में, उन्हें सेंट जोसेफ से अनुपस्थिति के कारण निष्कासित कर दिया गया, क्योंकि उन्होंने फिल्म देखने के लिए स्कूल छोड़ दिया था।

1983 और 1986 के बीच, मोदी ने संयुक्त राज्य अमेरिका में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन का अध्ययन किया। उन्होंने दो साल के लिए न्यूयॉर्क में पेस विश्वविद्यालय और फिर एक साल के लिए उत्तरी कैरोलिना में ड्यूक विश्वविद्यालय में भाग लिया। उन्होंने इन दोनों संस्थानों में से किसी से भी स्नातक नहीं किया। 1985 में, एक द्वितीय वर्ष के छात्र के रूप में, मोदी और तीन अन्य छात्रों ने एक मोटेल में $10,000 में आधा किलोग्राम कोकीन खरीदने की कोशिश की। विक्रेता के रूप में प्रस्तुत व्यक्ति ने उन्हें एक बन्दूक से धमकाया और उनसे $10,000 लूट लिए। अगले दिन, मोदी और उसके दोस्तों ने एक छात्र की पिटाई की, जिस पर उन्हें उन्हें फंसाने का संदेह था। परिणामस्वरूप, 1 मार्च 1985 को मोदी को कोकीन की तस्करी, हमले और दूसरे दर्जे के अपहरण की साजिश के आरोप में गिरफ्तार किया गया। बाद में उन्होंने अपराध स्वीकार किया और दो साल की निलंबित जेल सजा, पांच साल की परिवीक्षा और 100 घंटे की सामुदायिक सेवा की सजा प्राप्त की। 1986 में, उन्होंने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर भारत लौटने की अनुमति मांगी, जो अदालत ने स्वीकार कर ली।

1986 में भारत लौटकर मोदी पारिवारिक व्यवसाय में शामिल हो गए। उन्होंने 1987 से 1991 तक इंटरनेशनल टोबैको कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। 21 अगस्त 1989 को उन्हें गॉडफ्रे फिलिप्स इंडिया में गैर-कार्यकारी और गैर-स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया गया। फरवरी 1992 में, वे गॉडफ्रे फिलिप्स इंडिया के कार्यकारी निदेशक बने और 1 अगस्त 2010 तक इस पद पर रहे।

# असम में बहुविवाह पर सख्त रोक



कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार-स्तम्भकार



असम विधानसभा में बहुविवाह पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने संबंधी बहुप्रतीक्षित विधेयक का पारित होना राज्य की सामाजिक, कानूनी और महिला सुरक्षा संबंधित बहसों में एक नए अध्याय की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। इस विधेयक का उद्देश्य राज्य में महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करना, विवाह संस्था को कानूनी रूप से अधिक मजबूत बनाना और समाज में व्याप्त उन कुप्रथाओं को समाप्त करना है, जो महिलाओं की गरिमा और समानता पर प्रतिकूल प्रभाव डालती रही हैं। यह कानून केवल किसी एक धर्म या समुदाय विशेष को लक्ष्य करके नहीं लाया गया है, बल्कि इसे सभी समुदायों पर समान रूप से लागू किया जाएगा। हालांकि, संविधान में विशेष रूप से संरक्षित अनुसूचित जनजातियों तथा छठी अनुसूची वाले स्वायत्त परिषद क्षेत्रों को इस कानून के दायरे से बाहर रखा गया है, ताकि उनकी पारंपरिक सामाजिक संरचनाओं और सांस्कृतिक पहचानों को सुरक्षित रखा जा सके।

असम सरकार का कहना है कि यह कदम केवल बहुविवाह की सामाजिक समस्या तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महिलाओं की सुरक्षा, अधिकारों और सम्मान को सुनिश्चित करने का एक व्यापक प्रयास है। सरकार ने दावा किया है कि यह विधेयक समाज में व्याप्त उन स्थितियों को बदलने में मदद करेगा, जिनमें महिलाएं अक्सर आर्थिक, सामाजिक और भावनात्मक रूप से कमजोर स्थिति में आ जाती हैं। विवाह जैसी पवित्र सामाजिक संस्था के नाम पर कई बार महिलाओं को उपेक्षा, आर्थिक शोषण और मनोवैज्ञानिक यातना का सामना करना पड़ता है। बहुविवाह की स्थिति में यह समस्या और गंभीर हो जाती है, विशेषकर तब जब पत्नी और बच्चों के लिए कानूनी सुरक्षा तंत्र स्पष्ट रूप से उपलब्ध न हो।

इस विधेयक में बहुविवाह को दंडनीय अपराध घोषित किया गया है और इसके तहत दोषी पाए जाने पर दस साल तक की सजा का प्रावधान किया गया है। इस कड़े दंड का उद्देश्य समाज में संदेश देना है कि अब राज्य में एक से अधिक विवाह को सहन नहीं किया जाएगा और जो भी इस कानूनी प्रावधान का उल्लंघन करेगा, उसे कठोर दंड भुगतना होगा। सरकार का यह मानना है कि यदि महिलाओं को सामाजिक और वैवाहिक रिश्तों में समान दर्जा देना है, तो इस तरह के सख्त प्रावधान आवश्यक हैं।

विधानसभा में जब यह विधेयक पेश किया गया, तब विपक्ष की ओर से कुछ सवाल भी उठाए गए। सीपीआई (एम) और एआईयूडीएफ जैसे दलों ने विधेयक में कुछ संशोधन प्रस्तावित किए थे, जिन्हें अंततः सरकार ने वापस लेने की अपील की। सरकार का तर्क था कि विधेयक का मुख्य उद्देश्य किसी भी समुदाय को लक्षित करना नहीं है, बल्कि यह महिलाओं के कल्याण से जुड़ा हुआ एक व्यापक सामाजिक सुधार है। सरकार ने स्पष्ट किया कि यह कदम किसी भी धर्म विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि उन विकृतियों के खिलाफ है, जिनका परिणाम वर्षों से महिलाओं को सहना पड़ रहा है।

असम सरकार ने इसके साथ ही यह भी कहा कि यह विधेयक समान नागरिक संहिता यूनिफॉर्म सिविल कोड की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रारंभिक कदम हो सकता है। असम उन राज्यों में शामिल है, जहां यूसीसी लागू करने को लेकर गंभीरता से विचार चल रहा है। बहुविवाह प्रतिबंध विधेयक को सरकार ने इसी संदर्भ में एक प्रारंभिक सामाजिक सुधार के रूप में प्रस्तुत किया। राज्य सरकार का मानना है कि जब तक विवाह, तलाक और उत्तराधिकार से जुड़े कानून सभी नागरिकों के लिए समान नहीं होंगे, तब तक समानता और न्याय का वास्तविक अर्थ प्राप्त नहीं किया जा सकता। हालांकि, यह भी स्पष्ट है कि यूसीसी पर अंतिम निर्णय केंद्र सरकार के स्तर पर होगा, फिर भी असम का यह कदम अन्य राज्यों के लिए एक नजीर की तरह देखा जा रहा है।

इस विधेयक में 'लव जिहाद' के संदर्भ में भी कुछ कानूनी प्रावधान शामिल किए गए हैं, जिन्हें लेकर व्यापक बहस हुई। सरकार ने स्पष्ट किया कि इसका उद्देश्य किसी भी विशेष समुदाय को निशाना बनाना नहीं बल्कि विवाह के नाम पर धोखाधड़ी, जबरन धर्म परिवर्तन या छिपाकर रखी गई पहचान के आधार पर होने वाले शोषण को रोकना है। राज्य में ऐसी घटनाओं को रोकने और महिलाओं को ठगी, दबाव या सामाजिक छल से बचाने के लिए यह प्रावधान आवश्यक माना गया है। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया है कि किसी भी व्यक्ति के व्यक्तिगत अधिकारों और धार्मिक स्वतंत्रता को संविधान द्वारा प्रदत्त सीमाओं में सुरक्षित रखा जाए।

असम में बहुविवाह का मुद्दा केवल कानूनी रूप से ही नहीं बल्कि सामाजिक रूप से भी लंबे समय से चर्चा में रहा है। कई ऐसे मामले सामने आते रहे हैं, जहां आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं को बहुविवाह की स्थिति में गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पति के संसाधन कई परिवारों में विभाजित हो जाने से पत्नी और बच्चों के लिए जीवन कठिन हो जाता है। कई महिलाएं अपने अधिकारों और कानूनी सुरक्षा के बारे में जागरूक नहीं होतीं, जिससे उनका शोषण और गहरा होता जाता है।

इस विधेयक के समर्थक इसे समय की मांग मानते हैं। उनका कहना है कि देश बदल रहा है, महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, ऐसे में विवाह संस्था को भी समानता और न्याय के आधार पर मजबूत करने कीआवश्यकता है। एक पत्नी को छोड़ दूसरी शादी करना जहां महिलाओं के आत्मसम्मान को ठेस पहुँचाता है, वही यह समाज में असमान रिश्तों को जन्म देता है।

## जीवन मंत्र

# जानने का अवसर सिर्फ़ एक बार आता है

अवसरों की अनमोलता को समझकर हमें उन्हें पहचानना चाहिए और समय रहते उनका उपयोग करना चाहिए। जानने और सीखने का हर अवसर हमारे व्यक्तित्व, सोच और सफलता को आकार देता है। इसलिए यह कहावत हमें याद दिलाती है कि अवसर की कीमत समझें और हर ज्ञान के मौके का पूरा लाभ उठाएँ।

जीवन में हमें बहुत सी चीजें सीखने और अनुभव करने का मौका मिलता है, लेकिन हर अवसर हमेशा के लिए नहीं रहता। यदि हम किसी विशेष अवसर का सही समय पर लाभ नहीं उठाते, तो वह हमारे हाथ से निकल जाता है और उसे दोबारा पाना मुश्किल हो सकता है। यह सोच हमें सजग बनाती है कि किसी भी ज्ञान, शिक्षा या अनुभव के अवसर को कभी भी अनदेखा नहीं करना चाहिए।

दूसरे शब्दों में, यह विचार सक्रियता और तत्परता की आवश्यकता को दर्शाता है। जीवन में बहुत से अवसर केवल एक बार आते हैं— जैसे कोई विशेष परीक्षा, नौकरी का अवसर, किसी से सीखने का मौका या किसी नए कौशल को सीखने का अवसर। यदि हम इन मौकों को अनदेखा कर देते हैं, तो उनका फायदा उठाना असंभव हो जाता है। इसलिए, व्यक्ति को हमेशा तैयार रहना चाहिए और जैसे ही अवसर मिले, उसे तुरंत पहचानकर उसका पूरा लाभ उठाना चाहिए।



इस विचार में यह भी छिपा है कि अवसर समय और परिस्थितियों के अनुसार सीमित होते हैं। हर अनुभव या ज्ञान का समय किसी न किसी रूप में एक सीमा तक ही रहता है। यदि हम सोचते रहकर या विलंब करके अवसर को छोड़ देते हैं, तो वह अवसर किसी और को मिल सकता है। उदाहरण के लिए, एक छात्र को किसी प्रतिष्ठित कोर्स में प्रवेश का मौका मिलता है, लेकिन यदि वह देर करता है या अनिच्छुक रहता है, तो वह अवसर छिन सकता है। इसीलिए समय का महत्व और अवसर की अनिवार्यता समझना अत्यंत जरूरी है।

साथ ही, यह उद्धरण हमें साहस और निर्णय लेने की प्रेरणा भी देता है। कभी-कभी हमें अवसर के सही समय का अंदाजा लगाना मुश्किल होता है, लेकिन यदि हम झिझकते हैं या डरते हैं, तो मौका निकल जाता है। जीवन में आगे बढ़ने के लिए यह आवश्यक है कि हम जोखिम लें और तुरंत निर्णय लें। जानने और सीखने का अवसर हमें केवल एक बार मिलता है, इसलिए इसे हाथ से जाने न दें।

अंततः, यह विचार जीवन में सक्रियता, सतर्कता और सीखने की लगन को महत्व देता है। अवसरों की अनमोलता को समझकर हमें उन्हें पहचानना चाहिए और समय रहते उनका उपयोग करना चाहिए। जानने और सीखने का हर अवसर हमारे व्यक्तित्व, सोच और सफलता को आकार देता है। इसलिए यह कहावत हमें याद दिलाती है कि अवसर की कीमत समझें और हर ज्ञान के मौके का पूरा लाभ उठाएँ।


## जीवन ऊर्जा

डॉन वॉकर : जन्म- 29 नवंबर 1951 | देहवसान

# अवसरों के आने का इंतज़ार न करें उठें और उन्हें बनाएँ

डोनाल्ड ह्यूग वॉकर (जन्म 29 नवंबर 1951) एक ऑस्ट्रेलियाई संगीतकार और गीतकार हैं, जिन्होंने ऑस्ट्रेलियाई पब रॉक बैंड कोल्ड चिज़ल के लिए कई हिट गीत लिखे हैं। वॉकर को ऑस्ट्रेलिया के सर्वश्रेष्ठ गीतकारों में से एक माना जाता है। 2012 में उन्हें ऑस्ट्रेलियन सॉन्ग राइटर्स हॉल ऑफ़ फ्रेम में शामिल किया गया।

यह हमें यह सिखाता है कि केवल बैठकर या समय का इंतजार करके सफलता नहीं मिलती। दुनिया में बहुत से लोग अवसरों का इंतजार करते हैं, लेकिन जो लोग वास्तव में सफल होते हैं, वे स्वयं अपने अवसरों का निर्माण करते हैं। अवसर कभी भी किसी के दरवाजे पर खुद-ब-खुद नहीं आते; उन्हें तलाशना और उनका निर्माण करना पड़ता है। इस सोच के पीछे यह सिद्धांत है कि जीवन में इंतजार करने वाला व्यक्ति हमेशा पीछे रह जाता है, जबकि सक्रिय और प्रयासशील व्यक्ति अपने सपनों को हकीकत में बदलता है। दूसरे शब्दों में, यह विचार हमें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करता है। जीवन में परिस्थितियाँ हमेशा अनिश्चित होती हैं। कोई भी योजना या अवसर हमेशा समय पर नहीं आता। इसलिए हमें अपनी परिस्थितियों पर निर्भर रहने के बजाय स्वयं पहल करनी चाहिए। किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए केवल भाग्य या समय पर भरोसा करना पर्याप्त नहीं है। उदाहरण के लिए, एक विद्यार्थी को यदि नौकरी की तलाश है, तो केवल नौकरी के विज्ञापन का इंतजार करने के बजाय अपने कौशल को बढ़ाना, नेटवर्किंग करना और स्वयं अपने लिए अवसर खोजने की दिशा में कदम उठाना चाहिए।



इसके साथ ही, यह उद्धरण जोखिम लेने और साहस दिखाने का महत्व भी बताता है। अवसर खुद बनने के लिए साहस और प्रयास की आवश्यकता होती है। जब हम अपने लिए नए रास्ते बनाते हैं, तब ही हम सीखते हैं, अनुभव प्राप्त करते हैं और अपनी क्षमताओं का विकास करते हैं। यदि हम हमेशा सुरक्षित रास्तों पर चलें और सिर्फ मौकों का इंतजार करें, तो हमारी सफलता सीमित रहती है।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# जीवन की राहः कर्म, विवेक और सच्चाई का दीपक

प्राचीन चीन में गौतमी नाम की एक वृद्ध ब्राह्मणी रहती थी, जिसका जीवन उसके एकमात्र पुत्र के इर्द-गिर्द ही घूमता था। उसका सारा ध्यान और स्नेह केवल पुत्र की सुरक्षा और खुशियों पर केंद्रित था। एक दिन उसका पुत्र खेलते–खेलते खेतों के पास गया, जहाँ एक विषधर सर्प ने उसे डस लिया। कुछ ही क्षणों में बालक की मृत्यु हो गई। यह दृश्य देखकर अर्जुनक नामक एक व्याध अत्यंत क्रोधित हो उठा। उसने तुरंत फंदे से सर्प को पकड़कर क्रोध में काँपते हुए गौतमी के पास ले जाकर कहा, "देवी, यह वही सर्प है जिसने आपके पुत्र की हत्या की है; बताइए, इसे मैं मार दूँ या जला दूँ?"

व्याध ने कहा, "देवी, यह वही सर्प है जिसने आपके पुत्र की हत्या की है; बताइए, इसे अग्नि में झोंक दूँ या टुकड़े–टुकड़े कर दूँ?" हालांकि गौतमी का मन अपने पुत्र की अकाल मृत्यु से व्यथित था, फिर भी उसका हृदय धर्म, विवेक और संतुलन से भरा था। उसने शांत और दृढ़ स्वर में कहा कि सर्प को मारने से मेरे पुत्र की वापसी नहीं होगी और न ही उसके जीवित रहने से मुझे कोई हानि है। इसलिए व्यर्थ हिंसा करके पाप का बोझ अपने सिर मत लो।

व्याध इस उत्तर से संतुष्ट नहीं हुआ। उसने कहा, "शोकमग्न मन ऐसा उपदेश नहीं सुन सकता। इस दुष्ट सर्प को तत्काल मार डालना ही न्याय है।" वह बार-बार सर्प को मारने की जिद करता रहा, पर गौतमी ने उसकी एक न सुनी। तभी बँधा हुआ सर्प मानव की भाषा में बोल उठा, "मेरा कोई अपराध नहीं है। मैंने अपने मन से यह कार्य नहीं किया, यह मृत्यु की प्रेरणा थी जिसने मुझे इस बालक को डसने के लिए प्रेरित किया।" व्याध को इसकी बात पर विश्वास नहीं हुआ और उसने कहा, "पाप तूने ही किया है, चाहे स्वयं किया हो या किसी के कहने से। इसलिए तू ही अपराधी है।" तभी वहाँ शरीरधारी मृत्यु देवता प्रकट हुए और बोले, "सर्प मुझे क्यों दोष देता है, जबकि मैं तो स्वयं काल के अधीन हूँ। जो कुछ भी होता है, वह मेरे आदेश और समय के अनुसार होता है।" इसके बाद काल देवता प्रकट हुए और उन्होंने स्पष्ट किया कि बालक की मृत्यु में न सर्प का दोष है, न मृत्यु का और न मेरा। संसार का प्रत्येक जीव अपने कर्मों के अनुसार सुख, दुख, जन्म और मृत्यु अनुभव करता है। बालक की अकाल मृत्यु उसके पूर्व जन्म के कर्मदोष के कारण हुई।




पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556



सत्य का यह ज्ञान सुनकर गौतमी के मन का शोक दूर हो गया। उसने व्याध से कहा कि सर्प को मुक्त कर दे। व्याध ने भी उसके आदेशानुसार सर्प को छोड़ दिया। इस कथा से यह स्पष्ट होता है कि जीवन में बाहरी कारण केवल माध्यम होते हैं, असली कारण हमारे अपने कर्म होते हैं। जितना हम दूसरों को दोष देते हैं, उतना ही हम सत्य से दूर हो जाते हैं। क्रोध और प्रतिशोध मनुष्य को केवल पाप और दुख की ओर ले जाते हैं। विवेक, धैर्य और क्षमा ही सच्ची शक्ति हैं। हिंसा और बदला लेने से न तो मृतक वापस आता है, न ही हृदय को शांति मिलती है। सही ज्ञान, कर्मों की समझ और सत्य का बोध ही दुख को समाप्त करता है और जीवन को संतुलन और शांति प्रदान करता है।

इस कथा से हमें यह शिक्षा मिलती है कि जीवन में हर परिस्थिति, हर घटना और हर व्यक्ति केवल एक माध्यम है।

## अपने विचार



पहले, जब ऐसी दुखद घटनाएं होती थीं, तो सरकारें अक्सर चुप रहती थीं, लेकिन यह नया भारत है।यह किसी के सामने झुकता नहीं है, न ही अपने लोगों की रक्षा करने के अपने कर्तव्य से पीछे हटता है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री, भारत



बिहार में दावे किए गए थे कि लाखों लोगों के नाम काटे जा रहे हैं. हम भी डर गए थे कि कहीं सच में तो ऐसा नहीं हो रहा. इसलिए हमने पैरालीगल वॉलंटियर्स भेजे, लेकिन वहां तो एक भी आदमी नहीं आया. किसी ने नहीं कहा कि उसका नाम गलती से काट दिया गया है.

-जस्टिस सूर्यकांत, CJI, भारत



कांग्रेस का हाल दयनीय हो गया है और इसके लिए सीधे तौर पर कांग्रेस लीडरशिप जिम्मेदार है, BJP जमीन पर काम कर रही है, लेकिन कांग्रेस की मेहनत कहीं दिखाई नहीं देती, राहुल गांधी से मुलाकात करना कांग्रेस नेताओं के लिए भी आसान नहीं है।

-राशिद अल्वी, नेता, कांग्रेस



इस घटना ने आतंक से जुड़े बहुत सारे मिथकों को तोड़ दिया है। वैश्विक स्तर पर यह धारणा बनी हुई है कि शिक्षा का आतंकवाद से कोई लेना देना नहीं है। यह गरीबी का परिणाम है। यह एक धारणा, एक सोच का परिणाम है।

-राम माधव ,नेता, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ

अपने विचार
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिेदार).

## ब्रीफ न्यूज़

### 5 से 7 दिसंबर तक होगा संगीत भूषण पंडित राम मराठे मेमोरियल संगीत महोत्सव



**ठाणे।** मनपा द्वारा आयोजित 30वां संगीत भूषण पंडित राम मराठे मेमोरियल म्यूज़िक फेस्टिवल 5 से 7 दिसंबर तक राम गणेश गडकरी रंगायतन में होगा, जहां हर शाम 7 बजे से क्लासिकल सिंगिंग, कथक डांस और म्यूज़िकल ड्रामा की प्रस्तुति होगी। मनपा अतिरिक्त आयुक्त संदीप मालवी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि महोत्सव के पहले दिन आशा खाडिलकर को संगीत भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा, जिसमें 51,000 रुपये और प्रशस्ति पत्र शामिल हैं, जबकि कथक साधक निधि प्रभु को 25,000 रुपये का युवा पुरस्कार मिलेगा। पुरस्कार वितरण के बाद रात 8:30 बजे पंडित सुरेश बापट का गायन कार्यक्रम होगा, जिसमें सुहास चितले तबले पर और नीला सोहोनी हारमोनियम पर संगत करेंगी। है।

### बनारस स्टेशन कोड बदलने के लिए मुंबई पीआरएस डेढ़ घंटे रहेगा बंद

**मुंबई।** बनारस स्टेशन का कोड "BSBS" से "BNRS" में बदलने के लिए मुंबई यात्री आरक्षण प्रणाली (PRS) 30 नवंबर 2025 को रात 11:45 बजे से 1 दिसंबर 2025 की सुबह 1:30 बजे तक बंद रहेगी। इस शटडाउन के दौरान यात्री आरक्षण, कोचिंग रिफंड, चार्टिंग, ट्रेन फायरिंग, आईवीआरएस, करेंट रिज़र्वेशन, चार्ट डिस्प्ले, टच स्क्रीन, रिफंड काउंटर और कोचिंग रिफंड टर्मिनल जैसी सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी। इस अवधि में मुंबई PRS से संबंधित ट्रेनों की इंटरनेट बुकिंग भी बंद रहेगी, हालांकि मौजूदा नियमों के तहत रिफंड के लिए टीडीआर जारी किया जाएगा। रेल प्रशासन ने यात्रियों से इस महत्वपूर्ण मेंटेनेंस कार्य में सहयोग की अपील की है।

### मुंबई सेंट्रल एवं इंदौर के बीच स्पेशल ट्रेन के फेरे विस्तारित

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे ने यात्रियों की सुविधा और बढ़ती मांग को देखते हुए मुंबई सेंट्रल–इंदौर के बीच चलने वाली त्रि–साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन संख्या 09085/09086 के फेरे विशेष किराए पर 31 दिसंबर 2025 (अप/डाउन के अनुसार 1 जनवरी 2026) तक बढ़ा दिए हैं। ट्रेन 09085 हर सोमवार, बुधवार और शुक्रवार रात 23:20 बजे मुंबई सेंट्रल से चलकर अगले दिन 13:00 बजे इंदौर पहुंचती है, जबकि 09086 इंदौर से हर मंगलवार, गुरुवार और शनिवार शाम 17:00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 07:10 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचती है। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, सूरत, वडोदरा, दाहोद, रतलाम और उज्जैन स्टेशनों पर ठहरेगी तथा इसमें फर्स्ट AC, AC 2–टियर और AC 3–टियर कोच उपलब्ध होंगे।

# मध्य रेल पर रविवार को मेगा ब्लॉक

**डीबीडी संवाददाता । इगतपुरी**

मध्य रेल, मुंबई मंडल ने 30 नवंबर 2025 को उपनगरीय खंडों पर इंजीनियरिंग और रखरखाव कार्यों के लिए मेगा ब्लॉक का ऐलान किया है। मेन लाइन और हार्बर लाइन सहित कई रूटों पर यह ब्लॉक निर्धारित समय अवधि में प्रभावी रहेगा। रेलवे प्रशासन का कहना है कि यह कार्य बुनियादी ढांचे की सुरक्षा और बेहतर सेवाओं के लिए आवश्यक है।

## मेन लाइन पर ब्लॉक और डायवर्ज़न की व्यवस्था

मेन लाइन पर सीएसएमटी मुंबई और विद्याविहार के बीच सुबह 10.55 बजे से दोपहर 3.55 बजे तक अप और डाउन स्लो लाइन पर मेगा ब्लॉक रहेगा। इस दौरान सीएसएमटी से 10.48 बजे से 15.45 बजे के बीच चलने वाली डाउन स्लो ट्रेनें डाउन फास्ट लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी और बीच के प्रमुख स्टेशनों—भायखला, परेल, दादर, माटुंगा, सायन और कुर्ला—पर रुकेंगी। वहीं घाटकोपर से 10.19 बजे से 15.52 बजे तक चलने वाली अप स्लो सेवाओं को अप फास्ट लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा, जो कुर्ला से भायखला तक सभी स्टेशनों पर ठहरेंगी।



## हार्बर और ट्रांस-हार्बर लाइन पर सेवाएं रद्द, विशेष लोकल की व्यवस्था

हार्बर लाइन पर पनवेल और वाशी के बीच सुबह 11.05 बजे से 16.05 बजे तक अप और डाउन लाइन पर ब्लॉक रहेगा। पनवेल से सीएसएमटी की ओर 10.33–15.49 बजे की अप सेवाएं तथा सीएसएमटी से बेलापुर/पनवेल की ओर 9.45–15.12 बजे की डाउन सेवाएं रद्द रहेंगी। ट्रांस-हार्बर लाइन पर भी पनवेल–ठाणे रूट की कई अप-डाउन सेवाएं निर्धारित अवधि में रद्द कर दी जाएंगी। हालांकि ब्लॉक के दौरान सीएसएमटी–वाशी सेक्शन पर विशेष लोकल चलाई जाएंगी, वहीं ठाणे–वाशी/नेरुल के बीच ट्रांस-हार्बर लाइन और पोर्ट लाइन सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से असुविधा को देखते हुए सहयोग की अपील की है।

# लोनावाला और महाबलेश्वर की तरह इगतपुरी भी होगा हिल स्टेशन: डीसीएम शिंदे

**डीबीडी संवाददाता । इगतपुरी**

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और शिवसेना के प्रमुख नेता एकनाथ शिंदे ने इगतपुरी में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए विकास को ही अपना मुख्य मुद्दा बताया। उन्होंने अपनी उम्मीदवार शालिनीताई संजय खताळे के साथ मंच साझा करते हुए लोगों से इगतपुरी में चुनाव लड़ रहे 21 उम्मीदवारों को जीताने की अपील की। शिंदे ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली सरकारों ने सिर्फ अपना विकास किया, इगतपुरी के लोगों के लिए कोई ठोस काम नहीं हुआ। उन्होंने भरोसा देते हुए कहा कि उनकी सरकार यहाँ उद्योग और रोजगार लाकर स्थानीय लोगों का विकास सुनिश्चित करेगी।




## इगतपुरी को एक बड़े पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने का वादा

उपमुख्यमंत्री शिंदे ने अपने संबोधन में इगतपुरी को एक बड़े पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने का वादा भी किया। उन्होंने कहा कि इगतपुरी को लोनावाला और महाबलेश्वर की तर्ज पर एक आकर्षक हिल स्टेशन के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे यहाँ रहने वाले लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। शिंदे ने जोर देकर कहा कि पर्यटन विकास से क्षेत्र की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही अच्छी आजीविका मिलेगी।

## 'हमारा विकास का एजेंडा है, कुर्सी का नहीं'

एकनाथ शिंदे ने भाषण के दौरान अपने मुख्यमंत्री काल के कामों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल में उन्होंने जितनी विकास संबंधी फाइलों पर साइन किए, उतना किसी और मुख्यमंत्री ने नहीं किया, यह दावा उनका नहीं, बल्कि वित्त मंत्री अजित पवार का है। शिंदे ने कहा कि इगतपुरी का तेज़ विकास उनका प्राथमिक एजेंडा है और ब्रिटिश काल से अब तक महाराष्ट्र में कोई नया हिल स्टेशन नहीं बना, लेकिन अब इगतपुरी इस सूची में शामिल होगा।

# तत्काल टिकट के लिए अब जरूरी होगा ओटीपी सत्यापन

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**




मुंबई। पश्चिम रेलवे ने तत्काल टिकट बुकिंग प्रणाली में बड़ा बदलाव किया है। रेलवे बोर्ड के निर्देश पर अब तत्काल टिकट केवल वन टाइम पासवर्ड (OTP) के सफल सत्यापन के बाद ही जारी किए जाएंगे। यह OTP उस मोबाइल नंबर पर भेजा जाएगा, जो यात्री तत्काल टिकट बुकिंग के समय दर्ज करेगा। OTP सत्यापित होने के बाद ही टिकट जनरेट होगा।

### 1 दिसंबर से शताब्दी एक्सप्रेस पर होगी शुरुआत

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, OTP-आधारित तत्काल प्रमाणीकरण प्रणाली 1 दिसंबर 2025 की रात 00:00 बजे से लागू होगी। प्रारंभिक चरण में यह व्यवस्था ट्रेन संख्या 12009/12010 मुंबई सेंट्रल–अहमदाबाद शताब्दी एक्सप्रेस पर लागू की जाएगी। इसके बाद इसे अन्य ट्रेनों पर भी चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा सकता है।

### सभी माध्यमों पर लागू होगी नई प्रणाली

नई OTP प्रणाली कंप्यूटरीकृत PRS काउंटर, अधिकृत एजेंट, IRCTC वेबसाइट और मोबाइल ऐप सभी माध्यमों से होने वाली तत्काल बुकिंग पर लागू होगी। रेलवे का मानना है कि इससे तत्काल टिकट बुकिंग प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बनेगी और वास्तविक यात्रियों को टिकट मिलने में आसानी होगी।

# नई कनेक्टिविटी से रेशम कारोबार को बढ़ावा

**डीबीडी संवाददाता । सोलापुर**

मध्य रेलवे के सोलापुर मंडल ने 27 नवंबर 2025 को पंढरपुर और कलबुर्गी जैसे रेशम उत्पादन केंद्रों से कर्नाटक के रामनगरम एशिया के सबसे बड़े रेशम कोकून बाजार तक सीधी परिवहन सेवा शुरू कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। सरकार के किसानों को किफायती और सीधी बाजार पहुँच उपलब्ध कराने के लक्ष्य के तहत यह कदम बेहद अहम माना जा रहा है। यह पहल मंडल की व्यवसाय विकास इकाई द्वारा किसानों तक सीधे पहुँचने के लिए किए गए लगातार प्रयासों का परिणाम है।

### पहले ट्रेनों के ठहराव थे बाधा, अब मिली सुगम बुकिंग सुविधा

रामनगरम, जो बेंगलुरु के पास स्थित एशिया का सबसे बड़ा कोकून व्यापार केंद्र है, पहले से ही सोलापुर मंडल से गोल गुम्बज एक्सप्रेस और बसवा एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों के माध्यम से जुड़ा था। लेकिन रामनगरम स्टेशन पर ट्रेनों का पाँच मिनट से भी कम ठहराव होने के कारण रेशम कोकून की बुकिंग संभव नहीं हो पाती थी। इस चुनौती का समाधान करने के लिए मध्य रेलवे और दक्षिण पश्चिम रेलवे ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की जहाँ CR ने लोडिंग का काम संभाला, वहीं SWR ने अनलोडिंग की जिम्मेदारी निभाई।

### किसानों को तुरंत लाभ, रेलवे को मिला नया राजस्व स्रोत

नई सुविधा शुरू होते ही पंढरपुर के किसानों ने इसका लाभ उठाना शुरू कर दिया। पहले ही दिन किसानों के एक समूह ने 1,500 किलो वजन के रेशम कोकून के 38 बैग बुक किए। इससे किसानों को प्रति किलोग्राम 5 से भी कम लागत में सीधी बाजार पहुँच मिली, जो उनके लिए बेहद किफायती साबित हुई। साथ ही रेलवे को भी राजस्व का एक नया और स्थाई स्रोत प्राप्त हुआ, जिससे क्षेत्रीय रेशम व्यापार और कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

# मंत्री नरहरी झिरवाळ के हस्ते 'शिखर यात्री' लघुपट के पोस्टर का विमोचन




**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

सातपुड़ा पर्वत श्रृंखला के अतिदुर्गम बालाघाट गांव के रहने वाले आदिवासी युवक अनिल मानसिंग वसावे के वैश्विक शिखरों पर किए गए प्रेरणादायी अभियानों पर आधारित लघुपट 'शिखर यात्री – एक आदिवासी युवा ब्रैंड' के पोस्टर का विमोचन मंगलवार को मंत्रालय में अन्न व औषध प्रशासन मंत्री नरहरी झिरवाळ के हस्ते संपन्न हुआ। पोस्टर लॉन्च कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही अनिल वसावे, मीडिया विशेषज्ञ एवं दिग्दर्शक शंकर बारवे, निर्माती निशा बारवे, खाजगी सचिव डॉ. रामदास गाडे, विशेष कार्य अधिकारी प्रकाश सुपे सहित कई मान्यवर उपस्थित थे। अनिल वसावे अब तक अफ्रीका के माउंट किलीमांजारो, यूरोप के माउंट एल्ब्रुस, हिमालय क्षेत्र के सतोपंथ, कीअग्री–स्पैंगनाग्री सहित कई ऊंचे और चुनौतीपूर्ण शिखरों पर सफलतापूर्वक चढ़ाई कर चुके हैं।

### कार्यक्रम के दौरान मंत्री नरहरी झिरवाळ ने कहा

"अनिल वसावे ने अतिदुर्गम क्षेत्र से निकलकर, बेहद कठिन परिस्थितियों को पार करते हुए जिद और मेहनत के दम पर वैश्विक शिखरों को फतह किया है। उन्होंने आदिवासी समाज के युवाओं के लिए एक नई मिसाल कायम की है। 'शिखर यात्री' सिर्फ उनकी सफलता की कहानी नहीं, बल्कि हर वंचित क्षेत्र के युवा को बड़े सपने देखने का साहस देने वाला प्रेरणास्रोत है। ऐसे कार्य को प्रोत्साहन देना ही सच्ची समाजसेवा है।"

# नागरिकों के लिए सुपर स्पेशालिटी डेंटल क्लिनिक शुरू

## नागरिकों को मिलेंगी मुफ्त डेंटल सेवाएं, दो विशेषज्ञ डॉक्टर नियुक्त

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

मनपा की ओर से टेंभिनाका स्थित सी. आर. वाडिया अस्पताल में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस सुपर स्पेशियलिटी डेंटल क्लिनिक की शुरुआत की गई। इस क्लिनिक का उद्घाटन सांसद नरेश म्हस्के ने किया। मौके पर अतिरिक्त आयुक्त 1 संदीप मालवी, उप आयुक्त उमेश बिरारी, मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रसाद पाटिल, मातृ एवं शिशु कल्याण अधिकारी डॉ. वर्षा ससाने और पूर्व नगरसेविका पूजा वाघ उपस्थित रहीं।

### डेंटल चेकअप से लेकर दांत निकालने तक सभी सेवाएं मुफ्त

सी. आर. वाडिया अस्पताल में शुरू हुए इस सुपर स्पेशियलिटी क्लिनिक में नागरिकों को डेंटल चेकअप, क्लीनिंग, फिलिंग, दांत निकालना समेत सभी प्रमुख सेवाएं मुफ्त उपलब्ध होंगी। इसके लिए मनपा ने दो विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की है। छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में भी डेंटल सेवाएं उपलब्ध हैं, लेकिन वहां मरीजों की संख्या अधिक होने से कई लोग समय पर उपचार नहीं ले पाते।



### 'पेट केयर ठाणे', सोनोग्राफी मशीन और एक्स-रे यूनिट का भी उद्घाटन

इसी कार्यक्रम में 'पेट केयर ठाणे' के तहत पालतू जानवरों के रजिस्ट्रेशन सॉफ्टवेयर, सेंट्रल मेडिसिन वेयरहाउस की आधुनिक सप्लाई चेन तकनीक, जीआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के सीएसआर फंड से मिली सोनोग्राफी मशीन, काजुवाड़ी और शील हेल्थ सेंटर में नई एक्स–रे मशीनों का उद्घाटन भी किया गया। इन सभी सेवाओं को सांसद नरेश म्हस्के ने मनपा के नरेंद्र बल्लाल हॉल से ऑनलाइन शुरू किया। पेट केयर सिस्टम के जरिए कुत्ते–बिल्ली जैसे पालतू जानवरों का रजिस्ट्रेशन, टीकाकरण और स्वास्थ्य रिकॉर्ड डिजिटल रूप से स्टोर किया जाएगा। वहीं आधुनिक मेडिसिन वेयरहाउस से सभी हेल्थ सेंटर और अस्पतालों में दवाओं का नियमित व समय पर वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। नए एक्स–रे यूनिट से हड्डी व छाती सहित विभिन्न जांचें तेज और सटीक होंगी।

# नई कनेक्टिविटी से रेशम कारोबार को बढ़ावा

**डीबीडी संवाददाता । सोलापुर**

मध्य रेलवे के सोलापुर मंडल ने 27 नवंबर 2025 को पंढरपुर और कलबुर्गी जैसे रेशम उत्पादन केंद्रों से कर्नाटक के रामनगरम—एशिया के सबसे बड़े रेशम कोकून बाजार—तक सीधी परिवहन सेवा शुरू कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। सरकार के किसानों को किफायती और सीधी बाजार पहुँच उपलब्ध कराने के लक्ष्य के तहत यह कदम बेहद अहम माना जा रहा है। यह पहल मंडल की व्यवसाय विकास इकाई द्वारा किसानों तक सीधे पहुँचने के लिए किए गए लगातार प्रयासों का परिणाम है। रामनगरम, जो बेंगलुरु के पास स्थित एशिया का सबसे बड़ा कोकून व्यापार केंद्र है, पहले से ही सोलापुर मंडल से गोल गुम्बज एक्सप्रेस और बसवा एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों के माध्यम से



जुड़ा था। लेकिन रामनगरम स्टेशन पर ट्रेनों का पाँच मिनट से भी कम ठहराव होने के कारण रेशम कोकून की बुकिंग संभव नहीं हो पाती थी। इस चुनौती का समाधान करने के लिए मध्य रेलवे और दक्षिण पश्चिम रेलवे ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की—जहाँ CR ने लोडिंग का काम संभाला, वहीं SWR ने अनलोडिंग की जिम्मेदारी निभाई।




# 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। शत्रु सक्रिय रहेंगे। शोक समाचार मिल सकता है। थकान महसूस होगी। व्यावसायिक चिंता रहेगी। संतान के व्यवहार से कष्ट होगा। सहयोगी मदद नहीं करेंगे। व्ययों में कटौती करने का प्रयास करें। वाहन चलाते समय सावधानी रखें।

**वृष** अतिथियों का आवागमन रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। स्वाभिमान बना रहेगा। नई योजनाओं की शुरुआत होगी। संतान की प्रगति संभव है। भूमि व संपत्ति संबंधी कार्य होंगे। पूर्व कर्म फलीभूत होंगे। परिवार में सुखद वातावरण रहेगा।

**मिथुन** बेरोजगारी दूर होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। जोखिम न लें। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें। सत्कार्य में रुचि बढ़ेगी। प्रियजनों का पूर्ण सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक चिंताएँ दूर होंगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**कर्क** रोमांस में समय बीतेगा। मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। व्यापार के कार्य से बाहर जाना पड़ सकता है।

**सिंह** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्ययवृद्धि होगी। तनाव रहेगा। अपरिचितों पर विश्वास न करें। प्रयास में आलस्य व विलंब नहीं करना चाहिए। रुके हुए काम समय पर होने की संभावना है। विरोधी परास्त होंगे। यात्रा कष्टप्रद हो सकती है। धैर्य एवं संयम बना रहेगा।

**कन्या** कोर्ट–कचहरी में अनुकूलता रहेगी। पूजा–पाठ में मन लगेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। झंझटों में न पड़ें। उधार दिया धन मिलने से राहत हो सकती है। जीवनसाथी का सहयोग उलझे मामले सुलझाने में सहायक हो सकेगा। वाहन सावधानी से चलाएँ।

**तुला** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। विवाद न करें। सामाजिक एवं राजकीय ख्याति में अभिवृद्धि होगी। आर्थिक अनुकूलता रहेगी। रुका धन मिलने से धन संग्रह होगा। राज्यपक्ष से लाभ के योग हैं।

**वृश्चिक** राजकीय बाधा दूर होकर लाभ होगा। प्रेम–प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। क्रोध पर नियंत्रण रखें। लाभ होगा। रुके हुए काम समय पर पूरे होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। परिवार की समस्याओं का समाधान हो सकेगा। व्यापार में नई योजनाएँ बनेंगी।

**धनु** भूमि व भवन संबंधी कार्य लाभ देंगे। रोजगार मिलेगा। शत्रु भय रहेगा। निवेश व नौकरी लाभ देंगे। व्यापार अच्छा चलेगा। कार्य के विस्तार की योजनाएँ बनेंगी। रोजगार में उन्नति एवं लाभ की संभावना है। पठन–पाठन में रुचि बढ़ेगी। लाभदायक समाचार मिलेंगे।

**मकर** दिन प्रेमभरा गुजरेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रुका हुआ धन मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें। प्रियजनों से पूरी मदद मिलेगी। धन प्राप्ति के योग हैं। स्वयं के सामर्थ्य से ही भाग्योन्नति के अवसर आएँगे।

**कुंभ** दिन प्रेमभरा गुजरेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रुका हुआ धन मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें। प्रियजनों से पूरी मदद मिलेगी। धन प्राप्ति के योग हैं। स्वयं के सामर्थ्य से ही भाग्योन्नति के अवसर आएँगे।

**मीन** रोमांस में समय बीतेगा। मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। व्यापार के कार्य से बाहर जाना पड़ सकता है।

# संकेतों की दुनिया : शकुन-अपशकुन की अनकही परंपरा



भारतीय संस्कृति में संकेतों का हमेशा से विशेष महत्व रहा है। हमारे पूर्वज मानते थे कि जीवन में अचानक घटने वाली छोटी-सी घटनाएं भी आने वाले भविष्य की ओर इशारा कर सकती हैं। यही कारण है कि शकुन और अपशकुन की परंपरा ने पीढ़ी-दर-पीढ़ी लोगों के विश्वास और अनुभवों में अपनी गहरी जगह बनाई। कहा जाता है कि यदि कोई घटना एक बार घटे तो वह सामान्य मानी जा सकती है, लेकिन वही संकेत यदि बार-बार दिखाई दे, तो उसे आने वाली परिस्थितियों का सच्चा दर्पण समझा जाता है।

भारतीय समाज में देवी-देवताओं से जुड़े स्वप्न और दर्शन को अक्सर शकुन-अपशकुन की श्रेणी में नहीं रखा गया। विद्वानों का कहना है कि ऐसे दर्शन वास्तव में मन की भावनाओं और आस्था का ही प्रतिबिंब होते हैं। जैसे—किसी शिवभक्त को सपने में शिवलिंग या शिव मंदिर दिखना इस बात का प्रमाण है कि




प्रियंका जैन
9769994439

उसके हृदय में शिव के प्रति गहरी भक्ति और विश्वास विद्यमान है। यह संकेत किसी अनिष्ट या लाभ का नहीं, बल्कि भक्त के मन की गहराई का दर्पण होता है।

समय के साथ लोक-जीवन में कुछ घटनाओं को शुभ और कुछ को अशुभ मानने की परंपरा ने जन्म लिया। उदाहरण के तौर पर यदि अचानक दर्पण गिर जाए या टूट जाए तो इसे आने वाली बाधा का संकेत माना गया। वहीं यदि किसी यात्री को यात्रा के आरंभ में शव, मछली या पान का पत्ता दिख जाए, तो इसे यात्रा की सफलता का सूचक समझा जाता है। इसके विपरीत यदि सफर की शुरुआत में दूध या खाली बर्तन दिख जाए तो इसे अशुभ माना गया और समझा गया कि यात्रा बीच में ही रुक जाएगी या रद्द करनी पड़ सकती है। इन संकेतों का प्रभाव केवल यात्राओं या बाहरी परिस्थितियों तक सीमित नहीं रहा। कई बार दैनिक जीवन की छोटी-सी गलती भी शकुन का रूप ले लेती है। जैसे—यदि कोई व्यक्ति गलती से शर्ट के बटन उलटे लगा ले, तो इसे असफलता का संकेत माना गया। लेकिन यदि राह चलते किसी को अचानक हेयरपिन, बटन या रुमाल मिल जाए तो इसे नए संबंध या नई शुरुआत का प्रतीक समझा गया। इसी तरह, यदि किसी बातचीत के बीच अचानक मंदिर की घंटी या शंख की आवाज सुनाई दे तो यह माना गया कि उस काम के पूरे होने की संभावना और भी प्रबल हो जाती है। शकुन-अपशकुन केवल वस्तुओं या घटनाओं तक सीमित नहीं रहे। प्राचीन काल में पक्षियों की उड़ान, पशुओं की हरकतें और यहां तक कि वातावरण के परिवर्तन को भी भविष्यवाणी का आधार बनाया गया। महाकाव्यों और प्राचीन कथाओं में इसके अनेक उदाहरण मिलते हैं। दुष्यंत और शकुंतला की कथा में 'शकुन पक्षी' का उल्लेख इस बात का प्रमाण है कि लोग इन संकेतों को ईश्वर की प्रेरणा या प्रकृति का संदेश मानते थे।

न्यूज़ ब्रीफ

## बेलगड़िया टाउनशिप में स्वास्थ्य सुविधाओं का किया उद्घाटन

**धनबाद।** भारत सरकार के कोयला मंत्रालय के कोल सचिव विक्रम देव दत्त दो दिवसीय दौरे पर धनबाद पहुंचे हैं। शुक्रवार को उन्होंने बेलगड़िया टाउनशिप में चल रहे विभिन्न विकास योजनाओं का जायजा लिया और कई महत्वपूर्ण सुविधाओं का उद्घाटन किया। कोल सचिव ने बेलगड़िया टाउनशिप में पुलिस स्टेशन और JRDA ऑफिस का उद्घाटन किया। इसके साथ ही दर्जनों बेरोजगार युवाओं को ई-रिक्शा भी वितरित कियाा ताकि उन्हें रोजगार से जोड़ा जा सके। निरीक्षण के दौरान कोल सचिव ने टाउनशिप में रह रहे विस्थापित परिवारों से बातचीत की। साथ ही उनकी समस्याओं को सुना और समाधान का आश्वासन दिया। कोल सचिव ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार बेलगड़िया को एक मॉडल टाउनशिप बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि यहां रहने वाले हर परिवार को सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार योजनाएं चलाई जा रही हैं। मौके पर उन्होंने धनबाद के उपायुक्त आदित्य रंजन के प्रयासों की भी सराहना की, जो टाउनशिप के विकास पर विशेष निगरानी रख रहे हैं।

## सीआईडी इंस्पेक्टर माधव ठाकुर के ठिकानों पर रेड

**बेगूसराय।** सीआईडी में पुलिस निरीक्षक माधव ठाकुर के बेगूसराय और पटना स्थित ठिकानों पर निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने छापेमारी की। शुक्रवार को मिली जानकारी के अनुसार माधव ठाकुर के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला निगरानी थाना में दर्ज किया गया है। निगरानी ब्यूरो की टीम को छापेमारी के दौरान 12 बैंक खाता, 6 जमीन के दस्तावेज और विभिन्न बीमा कंपनियों में निवेश के कागजात बरामद किया है।

## निवेश के नाम पर करोड़ों की ठगी

**बरेली।** बरेली में कैनविज कंपनी के एमडी कन्हैया गुलाटी सहित तीन लोगों के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज किया गया है। दिल्ली निवासी और सीआरपीएफ से रिटायर ओंकार नाथ ने आरोप लगाया कि कंपनी ने निवेश पर भारी मुनाफे का लालच देकर उनके साथ-साथ उनके 60–70 परिचितों से पैसे निवेश कराए। शुरूआती कुछ महीनों तक मुनाफा देने के बाद कंपनी के अधिकारी टालमटोल करने लगे और बाद में भुगतान पूरी तरह बंद कर दिया। शिकायत पर बारादरी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता ओंकार नाथ ने बताया कि दिल्ली में आयोजित एक सेमिनार के दौरान उनकी मुलाकात कैनविज कंपनी के एमडी कन्हैया गुलाटी और प्रतिनिधि प्रमोद सिंह परिहार से हुई थी। दोनों ने उन्हें 20 महीने तक 5% मासिक ब्याज और 22वें महीने में मूल धन वापसी की स्कीम की जानकारी दी। भरोसा जताने के लिए कंपनी ने चेक और स्टाम्प पेपर पर समझौता भी किया। इस आश्वासन पर उन्होंने आरटीजीएस और ऑनलाइन माध्यम से कंपनी में निवेश किया। उनके साथ लगभग 60–70 अन्य लोग भी जुड़े, जिनमें कई ने लोन लेकर और कुछ ने अपनी जीवनभर की जमा पूंजी लगाकर निवेश किया। शुरुआती महीनों में कंपनी ने तय ब्याज का भुगतान किया, जिससे निवेशकों का भरोसा बढ़ा। लेकिन कुछ समय बाद कंपनी ने सॉफ़्टवेयर अपडेट और तकनीकी दिक्कतों का हवाला देकर भुगतान रोक दिया और बाद में फोन तक उठाना बंद कर दिया।

# नक्सल मुक्त भारत के साथ जीरो टेरर प्लान पर मंथन

### रायपुर में तीन दिवसीय डीजीपी-आईजीपी सम्मेलन शुरू

- बैठक में 29-30 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी होंगे शामिल
- दिल्ली धमाके के बाद हो रही बैठक में सुरक्षा के कई आयामों पर चर्चा



एजेंसी । रायपुर

दिल्ली धमाके के बाद छत्तीसगढ़ के रायपुर में आयोजित डीजीपी-आईजीपी कांफ्रेंस को खास महत्व दिया जा रहा है। तीन दिवसीय सम्मेलन में सुरक्षा के सभी आयामों पर चर्चा हो रही है, लेकिन मुख्य फोकस भविष्य की जीरो टेरर स्ट्रैटेजी पर है। इसमें खुफिया तंत्र को अपग्रेड करने, कट्टरपंथ से निपटने और व्हाइट कॉलर टेरर का मुकाबला करने जैसे मुद्दे शामिल हैं।

### नक्सल उन्मूलन पर निर्णायक रणनीति

सूत्रों के मुताबिक, नक्सल हिंसा के खिलाफ यह बैठक निर्णायक मानी जा रही है। छत्तीसगढ़ को सम्मेलन की मेजबानी सौंपना सरकार का स्पष्ट संदेश माना जा रहा है। नक्सलवाद खत्म करने के लिए मार्च 2026 की समयसीमा तय है, लेकिन उससे पहले ही तेजी से अभियान चलाया जा रहा है।

### शाह ने की शुरुआत, पीएम मोदी रहेंगे मौजूद

सम्मेलन की शुरुआत शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने की। 29 और 30 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बैठक में शामिल होंगे। कुल आठ सत्रों वाले इस सम्मेलन में पहले दिन दो, शनिवार को चार और रविवार को दो सत्र होंगे। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल सहित देशभर की सुरक्षा एजेंसियों के शीर्ष अधिकारी इसमें हिस्सा ले रहे हैं।

### 'सुरक्षित भारत' के लिए दूरदर्शी रोडमैप

अधिकारियों के अनुसार, सम्मेलन में घोषित एजेंडे के साथ-साथ कई रणनीतिक मुद्दों पर भी विचार किया जा रहा है। आतंकवाद, नक्सलवाद और उग्रवाद जैसी चुनौतियों के समाधान के लिए दीर्घकालिक रोडमैप तैयार किया जा रहा है। 'विकसित भारत' की राष्ट्रीय दृष्टि के अनुरूप 'सुरक्षित भारत' के निर्माण का ढांचा भी इसी बैठक में अंतिम रूप लेगा।

# सीएम हेमंत ने 9,000 युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र

एजेंसी । रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दूसरे कार्यकाल के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राजधानी रांची के एतिहासिक मोरहाबादी मैदान में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज्य गठन के बाद पहली बार एक साथ करीब 9,000 युवाओं को सरकार के विभिन्न पदों के लिए नियुक्ति पत्र सौंपी गई। सरकार की पहली वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नियुक्ति पत्र बांटा। इस मौके पर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मंत्री दीपक बिरुवा, मंत्री चमरा लिंडा, मंत्री संजय प्रसाद यादव, मंत्री इरफान अंसारी, मंत्री हफीजुल हसन, मंत्री दीपिका पांडे सिंह, मंत्री योगेंद्र प्रसाद, मंत्री सुदिव्य कुमार और मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के अलावे राज्य सरकार के मुख्य सचिव अविनाश कुमार और कई आला अधिकारी मौजूद रहे। जिन पदों के लिए नियुक्ति पत्र वितरित किया गया है उसमें उप समाहर्ता के 207, पुलिस उपाधीक्षक के 35, राज्य कर पदाधिकारी 56, कारा अधीक्षक 02, झारखंड शिक्षा सेवा श्रेणी-2 के 10, जिला समावेष्टा 01, सहायक निबंधक 08, श्रम अधीक्षक 14, प्रोबेशन पदाधिकारी 06, निरीक्षक उत्पाद 03, दंत चिकित्सा पदाधिकारी 22, सहायक आचार्य 8500 और कीटपालक के 150 शामिल हैं।



### सीएम हेमंत सोरेन ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

अपने दूसरे कार्यकाल के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री तक सरकार की उपलब्धि गिनाने में जुटे रहे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि इस वर्ष करीब 16 हजार सरकारी विभागों में नियुक्तियां की गई हैं और इतना ही नहीं गैर सरकारी क्षेत्र में करीब 8 हजार नियुक्तियां की गई हैं। इसी तरह से 2024-25 में भी करीब 25 हजार नियुक्तियां की गई हैं। उन्होंने कहा कि आज की नियुक्ति बहुत बड़ी है। 25 साल के इस युवा राज्य में पहली बार इतनी बड़ी नियुक्ति, मुझे लगता है कि इससे पहले कभी किसी कार्यकाल में देखने को नहीं मिला। उन्होंने कहा कि आज मन में उत्साह भी है और भावुकता भी। क्योंकि इस राज्य का अभिभावक और विशाल वृक्ष के रूप में जाने जानेवाले दिशोम गुरु शिबू सोरेन हमारे बीच नहीं हैं। आज वे रहते तो आशीर्वाद देने वो मंच पर जरूर आते और उन्हें अत्यंत खुशी होती कि हमलोग किस तरह से यहां रहने वाले सभी लोगों के लिए आए दिन एक नई सौगात के साथ उनके बीच जाते हैं।

# बच्चे की मौत लेकर विवादित बयान देना पड़ा भारी

एजेंसी । गोंडा

गोंडा की मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ. रश्मि वर्मा को उनके पद से हटा दिया गया है। उनकी जगह संतलाल पटेल को गोंडा का नया सीएमओ नियुक्त किया गया है। संतलाल पटेल प्रादेशिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के संयुक्त निदेशक ग्रेड के अधिकारी हैं और वर्तमान में वरिष्ठ चिकित्साधिकारी के पद पर कार्यरत थे। शुक्रवार को चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग की सचिव रितु माहेश्वरी ने इसके संबंध में आधिकारिक आदेश जारी कर दिया।

### विवादित वीडियो बना कार्रवाई का कारण



रश्मि वर्मा के खिलाफ शिकायतें लगातार बढ़ रही थीं और काफी समय से उनके हटाए जाने की संभावना जताई जा रही थी। बीते माह गोंडा के एक बिना रजिस्ट्रेशन वाले अस्पताल में नवजात की मौत के मामले में उनका विवादित वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो में वह हंसते हुए यह कहते नजर आई थीं– "एक बच्चा मर गया तो उसके लिए सब आ गए, हजार जिंदा हैं तो वहां लड्डू खाने भी जाओ न।" इस बयान ने भारी बवाल खड़ा कर दिया था। बाद में विरोध बढ़ने पर उन्होंने माफी भी मांगी थी।

### जेडी ऑफिस से किया गया संबद्ध

इसके बाद, फरवरी 2024 में राहुल गांधी ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया। विशेष मजिस्ट्रेट ने उन्हें 25-25 हजार रुपये के दो मुचलकों पर जमानत दी। 26 जुलाई 2024 को राहुल गांधी ने कोर्ट में अपना बयान दर्ज कराया, जिसमें उन्होंने खुद को निर्दोष बताया और इसे राजनीतिक साजिश करार दिया। इसके बाद कोर्ट ने वादी को साक्ष्य प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। तब से लगातार गवाह पेश किए जा रहे हैं। अब तक केवल एक गवाह से जिरह पूरी हो पाई है, जबकि दूसरे गवाह से जिरह शुरू हुई है।

# दो मुंहा सांप की साउथ ईस्ट एशिया में हो रही तस्करी



एजेंसी । पलामू

वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो, वन विभाग और पलामू टाइगर रिजर्व की कार्रवाई में वन्य जीवों की तस्करी से जुड़े हुए कई खुलासे हो रहे हैं। उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ से सैंड बोआ (दो मुहा सांप) की विदेशों में तस्करी हो रही है, जिसकी कीमत लाखों में है। कुछ दिनों पहले पलामू के हरिहरगंज के इलाके से सांप का 12,00 एमएल जहर बरामद हुआ था। पूरे मामले में वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो वन विभाग और पलामू टाइगर रिजर्व ने सिलसिलेवार तरीके से कार्रवाई करते हुए अब तक 20 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ और उनके माध्यम से मिली जानकारी के आधार पर हुई कार्रवाई में रेड सैंड बोआ की तस्करी के मामले में जानकारी निकलकर सामने आई थी। जिसके बाद संयुक्त टीम ने रांची में छापेमारी करते हुए रेड सैंड बोआ बरामद कर लिया है और कई लोगों को पकड़ा भी है।

# होमवर्क पूरा नहीं करने पर शिक्षक ने बच्चे को पेड़ से लटकाया

एजेंसी । सूरजपुर

छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में एक बेहद अमानवीय और चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां के एक स्कूल में शिक्षक ने एक मासूम बच्चे को सिर्फ इसलिए पेड़ से लटका दिया, क्योंकि उसने अपना होमवर्क पूरा नहीं किया था। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और लोगों में आक्रोश की लहर दौड़ गई है। यह हादसा सोमवार को हुआ। वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि स्कूल के प्रबंधन ने केवल सात साल के बच्चे को स्कूल परिसर में स्थित अमरूद के पेड़ में रस्सी के सहारे लटका दिया। यह बच्चा केजी-2 का छात्र है। वीडियो में बच्चा डर और तकलीफ से कराहता हुआ दिखाई दे रहा है, जबकि आस-पास मौजूद शिक्षक और स्टाफ उसकी इस स्थिति पर कोई ध्यान नहीं दे रहे थे।



### स्कूल प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज

थाना प्रभारी ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की जांच में यह स्पष्ट हुआ कि घटना एक स्कूल के अंदर हुई और यह कृत्य स्कूल प्रबंधन की जानकारी में किया गया है। बच्चे को न सिर्फ पेड़ से लटकाया गया, बल्कि उसके साथ दुर्व्यवहार और मानसिक प्रताड़ना भी की गई। पुलिस ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




# FTA: यूएस, ईयू समेत 50 देशों से बातचीत कर रहा भारत

एजेंसी । नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत वर्तमान में अमेरिका, यूरोपीय संघ (ईयू) और करीब 50 अन्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर बातचीत कर रहा है। यह जानकारी उन्होंने नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) की 98वीं सालाना आम बैठक को संबोधित करते हुए दी। गोयल ने कहा कि भारत अपने विश्वसनीय व्यापारिक साझेदारों के साथ मजबूत आर्थिक रिश्ते बनाने के प्रयास में है। उन्होंने जोर देकर कहा, "हमने देखा है कि व्यापार को कभी-कभी हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। इसलिए विश्वसनीय साझेदारों के साथ सहयोग और अधिक महत्वपूर्ण हो गया है।"




### 27 देशों के साथ सक्रिय बातचीत जारी

गोयल ने आगे कहा कि भारत यूरोशियन इकोनॉमिक यूनियन (ईएईयू) के साथ बातचीत शुरू कर चुका है। इसके अलावा, इजराइल, कनाडा (सीईपीए), दक्षिण अफ्रीका सीमा शुल्क संघ (एसएसीयू) और मर्कोसुर समूह के साथ भी व्यापार वार्ता की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत न्यूजीलैंड, अमेरिका और ईयू के 27 देशों के साथ सक्रिय रूप से वार्ता कर रहा है। फिक्की की 98वीं वार्षिक बैठक और कन्वेंशन, जिसका विषय था 'भारत: आत्मनिर्भर आर्थिक महाशक्ति' के अवसर पर फिक्की अध्यक्ष हर्षवर्धन अग्रवाल ने केंद्रीय मंत्री गोयल का ग्रीन सर्टिफिकेट देकर स्वागत किया।

# नोएडा में खुलेगा एपल का पांचवा भारतीय स्टोर

एजेंसी । नई दिल्ली

एपल भारत में अपना 5वां स्टोर नोएडा में खोलने जा रही है। यह उत्तर प्रदेश में कंपनी का पहला ऑफर्शियल स्टोर होगा। इसका उद्घाटन 11 दिसंबर को किया जाएगा। ऐपल के अनुसार डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया में स्थित कंपनी के नोएडा स्टोर का उद्घाटन 11 दिसंबर को किया जाएगा। यह एपल का भारत में अपना 5वां स्टोर होगा। यह देश में एप्पल के खुदरा विस्तार में एक और उपलब्धि है, जिससे नोएडा में ग्राहकों को एपल उत्पादों को जानने एवं खरीदने का मौका मिलेगा। भारत में एपल का पहला स्टोर साल 2023 में खुला था। ऐपल के दो स्टोर दलि्ली और मुंबई में खोले गए थे। दिल्ली-मुंबई के अलावा कंपनी बेंगलुरु और पुणे में भी अपना स्टोर शुरू कर चुकी है। कंपनी का नोएडा में खुल रहा स्टोर उत्तर प्रदेश में पहला और उत्तर भारत में दूसरा होगा।

# 3 दिसंबर से खुलेगा एक्वस लिमिटेड का आईपीओ

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

एयरोस्पेस मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की अग्रणी कंपनी एक्वस लिमिटेड ने अपने इनिशियल पब्लिक ऑफर (आईपीओ) की तारीखों की घोषणा कर दी है। कंपनी 03 दिसंबर 2025 को अपना बिड/ऑफर विंडो खोलेगी, जो 05 दिसंबर 2025 तक निवेश के लिए खुली रहेगी। मंगलवार, 02 दिसंबर 2025 को एंकर इन्वेस्टर्स के लिए ऑफर ओपन होगा। कंपनी ने आईपीओ का प्राइस बैंड 118 से 124 प्रति शेयर तय किया है। न्यूनतम 120 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 120 शेयरों के गुणांक में बिड लगाई जा सकेगी। यह पूरा ऑफर 10 प्रति शेयर फेस वैल्यू पर आधारित है। कुल ऑफर साइज में 670 करोड़ तक का फ्रेश इश्यू शामिल है, जबकि ऑफर फॉर सेल के तहत 2,03,07,393 इक्विटी शेयरों की बिक्री प्रस्तावित है। कंपनी के शेयर बीएसई और एनएसई दोनों पर लिस्ट होंगे, जिसमें एनएसई डेज़िग्नेटेड स्टॉक




एक्सचेंज है। आईपीओ प्रक्रिया को मैनेज करने के लिए जेएम फाइनेंशियल, आईआईएफएल कैपिटल सर्विसेज और कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी को बुक रनिंग लीड मैनेजर नियुक्त किया गया है। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि आईपीओ का आवंटन सेबी के नियमों के मुताबिक बुक बिल्डिंग प्रोसेस के माध्यम से किया जाएगा, जिसमें कुल नेट ऑफर का कम से कम 75% हिस्सा योग्य संस्थागत खरीदारों (QIB) के लिए आरक्षित होगा। गैर-संस्थागत निवेशकों के लिए 15% और खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों के लिए 10% हिस्सा आरक्षित रहेगा। इसके अलावा पात्र कर्मचारियों के लिए भी एक आरक्षण रखा जाएगा। सभी श्रेणी के निवेशकों (एंकर निवेशकों को छोड़कर) के लिए आवेदन एएसबीए प्रक्रिया के माध्यम से करना अनिवार्य होगा। एक्वस लिमिटेड के इस आईपीओ पर बाज़ार की नज़रें टिकी हैं, क्योंकि कंपनी एयरो-स्ट्रक्चर और इंजीनियरिंग मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में मजबूत उपस्थिति रखती है और एयरबस, बोइंग, कॉलिन्स एयरोस्पेस जैसे वैश्विक दिग्गज ग्राहकों को सेवाएं देती। विशेषज्ञों के अनुसार, इस आईपीओ को उद्योग और वित्तीय बाजारों में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। एयरोस्पेस मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में स्थिर और दीर्घकालिक मांग के कारण, निवेशकों को इस आईपीओ में अच्छे रिटर्न की संभावना दिखाई देती है। कंपनी की विस्तार योजनाएं, नई तकनीक में निवेश और वैश्विक ग्राहकों के साथ मजबूत गठजोड़ इसे निवेशकों के लिए आकर्षक विकल्प बनाते हैं। इस वजह से मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि आईपीओ के समय निवेशकों की भागीदारी उच्च रहने की संभावना है।

# 3 दिसंबर को खुलेगा ई-कॉमर्स कंपनी मीशो का आईपीओ

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

सॉफ्टबैंक के निवेश वाली ई-कॉमर्स कंपनी मीशो ने अपना आईपीओ लॉन्च करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। कंपनी ने अपने सार्वजनिक पेशकश के लिए प्राइस बैंड का भी ऐलान कर दिया है। मीशो 105-111 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड सेट किया है। यह इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) 3 नवंबर को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा, जबकि 5 दिसंबर तक निवेशक बोली लगा सकते हैं। कंपनी ने इस आईपीओ के माध्यम से 5,421 करोड़ रुपये जुटाने की तैयारी की है।



### कम से कम इतने रुपये करने होंगे निवेश

कंपनी ने खुदरा निवेशकों के लिए 135 शेयरों का एक लॉट सेट किया है। इसका मतलब रिटेल निवेशकों को कम से कम 14,985 रुपये का निवेश करने होगा। वहीं, नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स के लिए छोटे एचएनआई का न्यूनतम लॉट 1,890 शेयर यानी कम से कम लगभग 2.10 लाख रुपये निवेश करने होंगे, जबकि बड़े एचएनआई को9,045 शेयर या 10 लाख रुपये का निवेश करना होगा।

### मीशो आईपीओ स्ट्रक्टर

यह आईपीओ दो भागों में बंटा हुआ है। 5,421 करोड़ रुपये के इश्यू में 4,250 करोड़ के फ्रेश इश्यू शेयर जारी किए जाएंगे, जबकि 1,171 करोड़ रुपये का ऑफर फॉर सेल शामिल है। कंपनी ने क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए आईपीओ का 75 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया है, जबकि नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स के लिए 15 प्रतिशत भाग आरक्षित है। इसके अलावा, 10 प्रतिशत हिस्सा रिटेल निवेशकों के लिए रखा गया है।

# जोमैटो और ब्लिंकिट ने लगाया 'सरकारी योजना सुविधा शिविर'

एजेंसी । नई दिल्ली

जोमैटो और ब्लिंकिट ने नई दिल्ली में अपने तीसरे 'सरकारी योजना सुविधा शिविर' का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य डिलीवरी पार्टनर्स को केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं तक आसान पहुंच प्रदान करना है। इस पहल के तहत श्रमिकों और डिलीवरी पार्टनर्स को स्वास्थ्य, जीवन और दुर्घटना बीमा से लेकर ई-श्रम पोर्टल और राशन कार्ड जैसी योजनाओं में पंजीकरण कराने में मदद की गई। शिविर में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के उप-सचिव मिनहाज अहमद मुख्य अतिथि रहे। बेंगलुरु और मुंबई में आयोजित पहले दो शिविरों की तरह दिल्ली शिविर में भी 340 से अधिक डिलीवरी पार्टनर्स को विभिन्न योजनाओं में नामांकन में सहायता मिली। खास तौर पर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और ई-श्रम पोर्टल में प्रतिभागियों ने गहरी रुचि दिखाई। उप-सचिव मिनहाज अहमद ने कहा कि इस पहल से डिलीवरी पार्टनर्स सीधे उन योजनाओं तक पहुंच पा रहे हैं, जो उनके और उनके परिवार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि देशभर में और अधिक डिलीवरी पार्टनर्स इन योजनाओं से जुड़ेंगे।

# लाल निशान पर बंद हुआ घरेलू शेयर बाजार, सेंसेक्स 13 अंक टूटा

एजेंसी । नई दिल्ली

वृहद-आर्थिक आंकड़े आने के पहले निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार उतार-चढ़ाव भरे वाले कारोबार में लाल निशान पर बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसक्स 13.71 अंक यानी 0.016 फीसदी टूटकर 85,706.67 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसने 85,969.89 के ऊपरी और 85,577.82 अंक के निचले स्तर को छुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 12.60 अंक यानी 0.048 फीसदी गिरकर 26,202.95 के स्तर पर बंद हुआ है। गौरतलब है कि एक दिन पहले गुरुवार को सेंसेक्स 110.88 अंक यानी 0.13 फीसदी उछलकर 85,720.38 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। एनएसई का निफ्टी भी कारोबार के अंत में 10.25 अंक यानी 0.039 फीसदी की मामूली बढ़त के साथ 26,215.55 के स्तर पर बंद हुआ था।

अंडर-19 एशिया कप

# भारतीय टीम का हुआ ऐलान



▸▸ आयुष म्हात्रे करेंगे कप्तानी

एजेंसी । मुंबई

आगामी 12 दिसंबर से अंडर-19 एशिया कप खेला जाना है, जिसकी लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने टीम की घोषणा की है। युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे को टीम का कप्तान नियुक्त किया है। वहीं, वैभव सूर्यवंशी भी टीम में चुने गए हैं। अगले साल अंडर-19 विश्व कप खेला जाना है और इस वैश्विक प्रतियोगिता की तैयारियों के लिए एशिया कप अहम रहने वाला है।

### एशिया कप के लिए ऐसी है भारतीय टीम

एशिया कप में भारतीय टीम 12 दिसंबर को अपने अभियान की शुरुआत करेगी। भारतीय टीम में विहान मल्होत्रा को उपकप्तान बनाया गया है। एशिया कप के लिए भारतीय अंडर-19 टीम: आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा (उपकप्तान), वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), युवराज गोहिल, कनिष्क चौहान, खिलन ए. पटेल, नमन पुष्पक, डी. दीपेश, हेनिल पटेल, किशन कुमार सिंह, उद्धव मोहन, और एरॉन जॉर्ज।

### शानदार रहा है वैभव सूर्यवंशी का हालिया प्रदर्शन

बता दें कि आयुष और सूर्यवंशी दोनों बेंगलुरु में हुई अंडर-19 त्रिकोणीय सीरीज (वनडे प्रारूप में) से बाहर थे, जिसमें अफगानिस्तान की एक जूनियर टीम भी थी। आयुष की गैरमौजूदगी मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी में खेलने की वजह से थी, जबकि सूर्यवंशी राइजिंग स्टार्स टी-20 एशिया कप में खेल रहे थे। सूर्यवंशी ने उस टूर्नामेंट में 4 पारियों में 59 .75 की औसत के साथ 239 रन बनाए थे, जिसमें 1 शतक शामिल थे।

### 14 दिसंबर को पाकिस्तान से भिड़ेगी भारतीय टीम

भारतीय टीम के ग्रुप में पाकिस्तान भी मौजूद है। इन दोनों टीमों के अलावा अन्य टीमें क्वालीफायर (क्वालीफायर-1 और क्वालीफायर-3) के जरिए सामने आएंगी। अपने पहले मैच में भारतीय टीम 12 दिसंबर को क्वालीफायर-1 की टीम से भिड़ेगी। इसके बाद 14 दिसंबर को भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने-सामने होंगी।

### 21 दिसंबर को खेला जाएगा फाइनल मैच

अंडर-19 एशिया कप के दोनों सेमीफाइनल मैच 19 दिसंबर को खेले जाएंगे। आखिर में 21 दिसंबर को फाइनल मैच खेला जाएगा। सभी मैच दुबई में होने हैं।

# 21 दिसंबर से शुरू होगी टी-20 सीरीज

▸▸ श्रीलंका के खिलाफ 21 दिसंबर से टी-20 सीरीज की मेजबानी करेगी भारतीय महिला टीम



**मुंबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम 21 दिसंबर से 30 दिसंबर तक श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ 5 मैचों की टी-20 सीरीज खेलेगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने शुक्रवार (28 नवंबर) को इस बारे में आधिकारिक तौर पर जानकारी दी है। सीरीज के मैच विशाखापत्तनम के एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम और तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले जाएंगे।

### पहली बार महिलाओं के मैचों की मेजबानी करेगा तिरुवनंतपुरम

खास बात यह है कि यह पहला ऐसा मौका होगा, जब तिरुवनंतपुरम महिलाओं के अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी करेगा। यहां इससे पहले पुरुषों के टी-20 और वनडे मैच खेले जा चुके हैं। विशाखापत्तनम ने महिलाओं के वनडे विश्व कप 2025 के दौरान दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के लीग मैचों की मेजबानी की थी। इसके साथ-साथ 10 दिन के प्री-टूर्नामेंट कैंप की भी मेजबानी की थी।

### ऐसा है टी-20 सीरीज का कार्यक्रम

21 दिसंबर को होने वाले पहले मैच के साथ श्रीलंका और भारत के बीच टी-20 सीरीज की शुरुआत हो जाएगी। इसके बाद 23 दिसंबर को दूसरा टी-20 मैच खेला जाएगा। शुरुआती 2 मुकाबले विशाखापत्तनम में खेले जाएंगे। बीसीसीआई के कार्यक्रम के मुताबिक, सीरीज के बचे हुए मैच 26, 28 और 30 दिसंबर को खेले जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### 2016 के बाद श्रीलंका से द्विपक्षीय सीरीज खेलेगी भारतीय टीम



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को घोषणा की कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम 21 से 30 दिसंबर के बीच श्रीलंका के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज़ खेलेगी। सभी मुकाबले विशाखापट्टनम और तिरुवनंतपुरम में खेले जाएंगे। यह सीरीज़ 'विमेन इन ब्लू' के लिए विशेष महत्व रखती है, क्योंकि यह नवंबर में उनके विश्व कप जीतने के बाद पहली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता होगी। भारत को इसी अवधि में बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज़ खेलनी थी, लेकिन दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव के चलते उसे स्थगित कर दिया गया। श्रीलंका की टीम 2016 के बाद पहली बार भारत में द्विपक्षीय टी20 सीरीज़ खेलने आ रही है। पिछली बार भारत ने मेहमान टीम को 3-0 से क्लीन स्वीप किया था। श्रीलंका के खिलाफ यह सीरीज़ समाप्त होने के बाद महिला प्रीमियर लीग के चौथे सीज़न का आयोजन होगा, जिसके बाद भारतीय टीम फरवरी-मार्च में ऑस्ट्रेलिया के बहुरूपी दौरे पर जाएगी।


# निशु ने 53 किग्रा वर्ग में जीता सोना अब एशियाई खेलों पर नजर

▸▸ दो दिन के भीतर तीन बाउट जीतकर पहला केआईयूजी खिताब किया हासिल

**भरतपुर।** साई प्रशिक्षण केंद्र हिसार की युवा पहलवान निशु ने अपनी मजबूत पकड़ और सधा हुआ खेल दिखाते हुए केआईयूजी के 53 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। भरतपुर के लोहेगढ़ स्टेडियम में हुई प्रतियोगिता में उन्होंने दो दिनों के भीतर तीन बाउट जीतकर पहला केआईयूजी स्वर्ण हासिल किया। संयमित स्वभाव और शांत व्यक्तित्व के लिए जानी जाने वाली 23 वर्षीय निशु की यह उपलब्धि उनके करियर में नई ऊर्जा भरने वाली साबित हुई है।

निशु का यह सफर आसान नहीं रहा। बचपन में ही बड़े भाई को ब्रेन ट्यूमर के कारण खो देने का दर्द उनके व्यक्तित्व में आज भी दिखता है, लेकिन यही दर्द उनके संघर्ष का बड़ा हिस्सा भी रहा है।

### सर्बिया में जीता था कांस्य पदक



2023 में वाराणसी में हुए केआईयूजी में कांस्य पदक जीतने वाली निशु के लिए इस बार का स्वर्ण पदक विशेष रहा। जीत के बाद उन्होंने कहा, "मेरे लिए हर प्रतियोगिता एक सीख है। इस स्वर्ण को लेकर बहुत खुशी है, यह एक बड़ा लक्ष्य पूरा हुआ।" निशु ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपना प्रभाव छोड़ा है। इस साल सर्बिया में हुई अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में उन्होंने भारत के लिए कांस्य जीता था। क्रोएशिया में सीनियर स्तर के टूर्नामेंट में भले ही पदक नहीं मिला, लेकिन उनका प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। हरियाणा के अधिकांश पहलवानों के विपरीत, निशु किसान परिवार से नहीं, बल्कि एक साधारण परिवार से आती हैं।

### सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के हरियाणा ने पंजाब को रोमांचक मुकाबले में हराया

**हैदराबाद।** सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के एक हाई-स्कोरिंग मुकाबले में शुक्रवार को हरियाणा ने पंजाब को सुपर ओवर में मात दी। दोनों टीमों ने 20-20 ओवर में 207 रन बनाए, जिसके बाद मैच का फैसला सुपर ओवर से हुआ। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी हरियाणा की शुरुआत तेज रही। कप्तान अंकित कुमार ने सिर्फ 26 गेंदों में तूफानी 51 रन बनाए और टीम को तेज शुरुआत दिलाई। मिडिल ओवरों में निशांत सिंधु ने नाबाद 61 रन (31 गेंद) बनाकर पारी को संभाला। अंत में सुमित कुमार ने 28 रनों की त्वरित पारी खेलकर हरियाणा का स्कोर 207/9 तक पहुंचाया। पंजाब की ओर से अश्वनी कुमार सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 4 ओवर में 31 रन देकर 3 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब की शुरुआत डगमगाती रही। अभिषेक शर्मा 6 रन पर और प्रभसिमरन सिंह 20 रन बनाकर आउट हुए। दोनों को अंशुल कम्बोज ने पवेलियन भेजा।

वर्ल्ड एथलेटिक्स अवॉर्ड्स

# चीन को मेंबर फेडरेशन अवॉर्ड

▸▸ अंतिम चयन के लिए छह फेडरेशन का हुआ था चुनाव

▸▸ अंतिम रूप से एक्जिक्यूटिव बोर्ड ने चीन को चुना विजेता

**नई दिल्ली।** चीन को वर्ल्ड एथलेटिक्स अवॉर्ड्स 2025 के तहत प्रतिष्ठित मेंबर फेडरेशन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह अवॉर्ड उस सदस्य संघ को दिया जाता है, जिसने पूरे वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खेल के विकास और प्रतिष्ठा को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया हो। छह फेडरेशनों की शॉर्टलिस्ट में से वर्ल्ड एथलेटिक्स एक्ज़िक्यूटिव बोर्ड ने चीन को विजेता चुना। वर्ल्ड एथलेटिक्स ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। विजेता संघ ने



कहा, "हम वर्ल्ड एथलेटिक्स के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं।

### दो बड़ी एथलेटिक्स सीरीज का आयोजन

चाइनीज़ एथलेटिक्स एसोसिएशन ने 2025 में पांच प्रमुख क्षेत्रों, संस्थागत नवाचार, इवेंट एन्हांसमेंट, युवा विकास, लैंगिक समानता और वाणिज्यिक सहयोग में उल्लेखनीय प्रगति की। वर्ष के दौरान चीन ने दो बड़े वर्ल्ड एथलेटिक्स सीरीज़ इवेंट, वर्ल्ड एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप नानजिंग 2025 और वर्ल्ड एथलेटिक्स रिले ग्वांगझू 2025 सफलतापूर्वक आयोजित किए। इसके अलावा, बीजिंग ने सीज़न की अंतिम कॉन्टिनेंटल टूर गोल्ड मीटिंग की मेजबानी की, जबकि श्यामेन और शाओशिंग/केकियाओ में दो डायमंड लीग प्रतियोगिताएँ भी हुईं।

### रोड इवेंट में शामिल हुए 60 लाख प्रतिभागी


एसोसिएशन ने देशभर में सैकड़ों ट्रैक एंड फील्ड और रोड इवेंट आयोजित किए, जिनमें कुल 60 लाख से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। बच्चों के लिए वर्ल्ड एथलेटिक्स किड्स' एथलेटिक्स रिले अराउंड द वर्ल्ड चैलेंज का फाइनल ग्वांगझू में हुआ।

## बॉलीवुड



# सिद्धार्थ और कियारा ने बताया बेटी का नाम

### शेयर की पहली तस्वीर




बॉलीवुड के चर्चित स्टार कपल कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा इस समय जिंदगी के सबसे खूबसूरत दौर से गुजर रहे हैं। इसी साल 15 जुलाई को दोनों ने अपनी नन्ही बिटिया का इस दुनिया में स्वागत किया था, जिसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया पर एक खास पोस्ट साझा कर दी थी। बेटी के जन्म के बाद से ही फैंस इस स्टार कपल की खुशियों में शामिल रहे हैं। अब, कियारा और सिद्धार्थ ने अपनी छोटी राजकुमारी का नामकरण कर दिया है, जिसकी घोषणा उन्होंने बेहद प्यारे अंदाज़ में की है।

### बेटी का नामकरण कर खुश हुए फैंस

कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा ने अपनी बेटी के नन्हें पैरों की एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की है, जिसने सोशल मीडिया पर हर किसी का दिल जीत लिया। तस्वीर के साथ उन्होंने कैप्शन लिखा, ₹हमारी प्रार्थनाओं से, हमारी बाहों तक। हमारा दिव्य आशीर्वाद हमारी राजकुमारी, सरायाह मल्होत्रा।₹ उनकी इस पोस्ट ने इंटरनेट पर तुरंत धूम मचा दी। 'सरायाह' नाम को लेकर खास बात यह है कि यह सिद्धार्थ और कियारा दोनों के नामों से लिया गया एक विशेष संयोजन है। यह नाम जितना अनोखा है, उतना ही खूबसूरत भी, और इसलिए फैंस इस प्यारे नाम पर खूब प्यार बरसा रहे हैं। कियारा और सिद्धार्थ द्वारा शेयर की गई इस पोस्ट पर फैंस, सेलिब्रिटीज और उनके करीबी दोस्तों की ओर से बधाइयों का तांता लग गया है। लोगों ने नन्ही 'सरायाह' के लिए प्यार, दुआएं और आशीर्वाद भेजते हुए कमेंट सेक्शन भर दिया है। कई फैंस ने लिखा कि कपल ने बॉलीवुड में सबसे सुंदर और यूनिक बेबी नेम्स में से एक चुना है।

# दिल्ली में टैक्स-फ्री हुई फिल्म '120 बहादुर'

फरहान अख्तर अभिनीत बहुप्रतीक्षित फिल्म '120 बहादुर' आखिरकार सिनेमाघरों में रिलीज़ हो चुकी है और शुरुआती प्रतिक्रिया बताते हैं कि फिल्म ने दर्शकों और समीक्षकों के बीच जोरदार प्रभाव डाला है। मीडिया से लेकर बॉलीवुड सेलेब्रिटीज तक, हर कोई इस फिल्म की तारीफ कर रहा है। रिलीज़ के पहले ही दिन '120 बहादुर' पूरे देश में चर्चा का प्रमुख विषय बन गई है। इसी उत्साह के बीच फिल्म ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है, दिल्ली सरकार ने फिल्म को टैक्स-फ्री घोषित कर दिया है।




### दिल्ली में टैक्स-फ्री होने से बढ़ेगी पहुंच

भारत की सबसे साहसी और गर्व से भरी लड़ाइयों में से एक, रेज़ांग ला की ऐतिहासिक लड़ाई पर आधारित यह फिल्म न सिर्फ दर्शकों का दिल जीत रही है, बल्कि इतिहास और वीरता के प्रति सम्मान के लिए भी सराही जा रही है। दिल्ली में टैक्स-फ्री होने के बाद फिल्म और बड़ी संख्या में दर्शकों तक पहुंचेगी, जिससे भारतीय सेना की इस अनसुनी लेकिन निर्णायक लड़ाई की कहानी अधिक लोगों के दिलों तक पहुंच सकेगी। यह कदम उन शहीदों की वीरता को सम्मान देने जैसा है, जिन्होंने अदम्य साहस के साथ देश की रक्षा की।


### 120 सैनिकों के शौर्य की कहानी

'120 बहादुर' 13 कुमाऊं रेजिमेंट के 120 भारतीय सैनिकों की वास्तविक बहादुरी पर आधारित है, जिन्होंने 1962 के भारत-चीन युद्ध में लड़ी गई प्रसिद्ध रेज़ांग ला की लड़ाई में अभूतपूर्व साहस दिखाया था। फिल्म में फरहान अख्तर मेजर शैतान सिंह भाटी, पीवीसी की भूमिका निभा रहे हैं, जो अपने साथी जवानों के साथ दुश्मन के हर हमले के सामने खड़े रहे। फिल्म का मूल संदेश बेहद शक्तिशाली है, रहम पीछे नहीं हटेंगे।

### मजबूत टीम ने बनाया दमदार सिनेमा

इस प्रेरणादायक फिल्म का निर्देशन रजनीश रेज़ी घोष ने किया है। इसे रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर की एक्सेल एंटरटेनमेंट ने प्रोड्यूस किया है। भावनाओं, साहस और इतिहास से भरपूर यह फिल्म अब देशभर के थिएटर्स में उपलब्ध है और दर्शकों को भारतीय सेना की सर्वोच्च वीरगाथा से रूबरू करा रही है।

### रोमांस से भरपूर 'तू मेरी मैं तेरा...' का टाइटल ट्रैक रिलीज



अभिनेता कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे एक बार फिर पर्दे पर अपनी ताज़ा जोड़ी के साथ धमाल मचाने को तैयार हैं। उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' शुरू से ही दर्शकों के बीच उत्सुकता का विषय बनी हुई है। फिल्म की चर्चा को और बढ़ाते हुए निर्माताओं ने इसका पहला गाना यानी टाइटल ट्रैक रिलीज कर दिया है, जिसने इंटरनेट पर आते ही हलचल मचा दी। इस रोमांटिक ट्रैक 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' के बोल अन्विता दत्त ने लिखे हैं, इसे मशहूर संगीतकार-सिंगर जोड़ी विशाल ददलानी और शेखर रवजियानी ने अपनी दमदार आवाज़ दी है। गाना सारेगामा के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है और रिलीज के साथ ही यह दर्शकों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। 3 मिनट 6 सेकंड लंबा यह गाना खूबसूरत लोकेशंस और रंगीन विजुअल्स से भरा है। समंदर के बीचो-बीच कार्तिक और अनन्या की रोमांटिक केमिस्ट्री इस गाने को खास बनाती है।



# 'इक्कीस' मेकर्स ने शेयर की धर्मेंद्र की कविता

बॉलीवुड के महान अभिनेता धर्मेंद्र के अचानक निधन ने फिल्म जगत और उनके करोड़ों प्रशंसकों को गहरे दुख में डुबो दिया है। 89 वर्ष की आयु में उन्होंने लंबी बीमारी से जूझने के बाद अंतिम सांस ली। अपने छह दशक से भी अधिक लंबे करियर में धर्मेंद्र ने भारतीय सिनेमा को अनगिनत यादगार भूमिकाएं दीं। अब जब वह दुनिया से विदा हो चुके हैं, उनकी आखिरी फिल्म 'इक्कीस' के निर्माताओं ने अभिनेता को खास अंदाज़ में श्रद्धांजलि दी है। फिल्म 'इक्कीस' की टीम ने सोशल मीडिया पर एक भावपूर्ण वीडियो शेयर किया है, जिसमें धर्मेंद्र अपनी आखिरी कविता सुनाते दिख रहे हैं। वीडियो शेयर करते हुए निर्माताओं ने लिखा, ₹अज भी जी करदा है, पिंड अपने नु जानवा।₹ उन्होंने आगे लिखा, ₹धरम जी धरती के सच्चे सपूत थे। उनके शब्दों में उस मिट्टी की महक थी, जिसने उन्हें जन्म दिया। उनकी यह कविता एक तड़प है, एक दिग्गज की ओर से दूसरे दिग्गज को समर्पित श्रद्धांजलि। हमें यह कालातीत कविता उपहार में देने के लिए आपका दिल से धन्यवाद।₹ यह वीडियो सामने आते ही सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। प्रशंसक धर्मेंद्र की आवाज़, उनकी संजीदगी और दिल छू लेने वाली कविता को देखकर भावुक हो रहे हैं। 'इक्कीस' में आखिरी बार दिखाई देंगे धर्मेंद्रअगस्त्य नंदा स्टारर यह फिल्म 25 दिसंबर को रिलीज होने जा रही है। इसे धर्मेंद्र की आखिरी ऑन-स्क्रीन उपस्थिति माना जा रहा है। निर्माताओं का कहना है कि यह फिल्म अब सिर्फ एक सिनेमाई प्रस्तुति नहीं, बल्कि धर्मेंद्र के करियर और उनकी विरासत का प्रतीक बन गई है। धर्मेंद्र के निधन के बाद इस कविता ने उनके चाहने वालों के दिलों में और भी गहरी छाप छोड़ दी है। हर कोई उन्हें याद करते हुए बस इतना ही कह रहा है, ₹धरम जी, आपकी कमी हमेशा खलेगी।

# महज 12 घंटे में होगा दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का सफर

## आखिरी चरण में काम, नितिन गडकरी ने दी जानकारी

एजेंसी । नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने हाल ही में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे परियोजना के प्रगति संबंधी अहम अपडेट दिए। इस बड़े प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा करके यात्रियों के लिए खोलने के प्रयास तेज़ कर दिए गए हैं।

सूरत में निरीक्षण के दौरान गडकरी ने गुजरात से गुजरने वाले एक्सप्रेसवे सेक्शन की प्रगति का जायज़ा लिया। उन्होंने पत्रकारों से कहा, "हम सभी रुकावटों को दूर करके इस प्रोजेक्ट को जल्दी पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं। स्टेट-ऑफ-द-आर्ट तकनीक का उपयोग करके सड़क को बेहतरीन तरीके से बनाया जा रहा है। हम बाकी बची हुई छोटी-मोटी कमियों को भी ठीक कर रहे हैं।"



### प्रोजेक्ट की प्रमुख जानकारी

गडकरी ने बताया कि यह एक्सप्रेसवे 8 लेन का होगा, जिससे मुंबई-दिल्ली यात्रा का समय वर्तमान 24 घंटे से घटकर 12 घंटे रह जाएगा। वर्तमान में इस मार्ग की सुरक्षा और सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उनका कहना था कि इसका मुख्य उद्देश्य यात्रियों को अधिक सुरक्षित, आरामदायक और निर्बाध सफर का अनुभव प्रदान करना है। प्रोजेक्ट की कुल लागत को नियंत्रित रखने के लिए दुनिया की अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। गडकरी ने यह भी कहा कि इस एक्सप्रेसवे के पूरा होने से पर्यटन को भी बड़ा बढ़ावा मिलेगा और यात्रियों के लिए यह मार्ग और आसान बन जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि एक्सप्रेसवे के दोनों किनारों पर बड़े पैमाने पर पेड़ लगाए जाएंगे।

### मुंबई-दिल्ली की यात्रा अब 12 घंटे में

देश के सबसे लंबे एक्सप्रेसवे प्रोजेक्ट में से एक, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे की नींव 2019 में रखी गई थी। पूरा होने पर यह 8-लेन हाईवे राजधानी और वित्तीय राजधानी के बीच यात्रा का समय लगभग आधा करके सिर्फ 12 घंटे कर देगा।

### उत्तर प्रदेश और राजस्थान से कनेक्टिविटी

गडकरी ने यह भी बताया कि पूरा होने पर यह मार्ग उत्तर प्रदेश और राजस्थान से जुड़ेगा। इससे इन दोनों राज्यों को दिल्ली और मुंबई जैसे बड़े शहरों से सीधे संपर्क की सुविधा मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में इस रूट पर इलेक्ट्रिक बसें और ट्रक भी चल सकते हैं। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के वडोदरा-मुंबई 379 किलोमीटर हिस्से का काम अंतिम चरण में है और अगले साल के अंत तक इसे पूरा करने का लक्ष्य है। यह वडोदरा-मुंबई लिंक पूरे 1359 किलोमीटर के प्रोजेक्ट का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो विरार मार्ग के जरिए पूरे रूट से जुड़ता है।

# खूबसूरत शहर हांगकांग में आग का कहर: शवों के पहचान का संकट

- हांगकांग की आग ने छीन ली 128 की जिंदगी, दर्जनों लोग अभी भी लापता
- आठ आवासीय इमारतों में लगी थी आग, हताहत लोगों की पहचान भी मुश्किल

एजेंसी । हांगकांग

विश्व की सबसे व्यस्त और आधुनिक नगरों में शुमार हांगकांग इन दिनों अपने इतिहास की सबसे भयावह आग दुर्घटना से गुजर रहा है। 26 नवंबर को ताई पो के वांग फुक कोर्ट क्षेत्र में स्थित आठ आवासीय टॉवरों में लगी भीषण आग ने भारी जनहानि का दुखद मंजर छोड़ दिया है। मृतकों की संख्या बढ़कर 128 हो गई है, जबकि अधिकांश शवों की पहचान करना मुश्किल हो गया है।

सबसे अधिक पढ़े जाने वाले स्थानीय समाचार पत्र द स्टैंडर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार दोपहर हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में हांगकांग प्रशासन ने बताया कि सुबह घटनास्थल से पांच और शव बरामद किए गए, जिनमें दो बच्चों के भी थे। दिन बढ़ने के साथ मृतकों की संख्या 94 से बढ़कर 128 पर पहुंच गई। दमकल विभाग की टीमें अब भी टॉवरों में फंसे संभावित जीवित लोगों की तलाश में जुटी हैं। चार इमारतों में आग पूरी तरह बुझा दी गई है, जबकि तीन में बुझाने का कार्य रातभर चला। एक टॉवर को अपेक्षाकृत सुरक्षित बताया गया था, लेकिन बचाव अभियान के दौरान आज तड़के आग फिर भड़कने से हालात और बिगड़ गए।



### अभी तक 39 की ही पहचान संभव

हांगकांग के सुरक्षा सचिव क्रिस टैंग पिंग-क्यूंग ने आशंका जताई कि इमारतों के अंदर और शव मिल सकते हैं। उनके अनुसार अब तक 108 शव बरामद किए जा चुके हैं, जिनमें से 16 अब भी मलबे में फंसे हैं। कुछ घायलों ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। रिपोर्ट में बताया गया कि अभी तक केवल 39 शवों की ही पहचान सुनिश्चित हो पाई है।अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के बाद से 467 लोगों के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। हालांकि, कई मामलों में एक ही व्यक्ति के लिए परिजनों ने अलग-अलग शिकायतें दी हैं, जिससे वास्तविक संख्या कुछ कम हो सकती है। वर्तमान में 79 घायलों का इलाज अस्पतालों में जारी है।

### आठ इमारतों में हैं 2000 फ्लैट्स

करीब 2,000 फ्लैटों वाले इन टॉवरों से जुड़ी एक बड़ी कार्रवाई में भवन निर्माण कंपनी के तीन अधिकारियों—दो निदेशक और एक सलाहकार अभियंता—को गिरफ्तार किया गया है। उनके खिलाफ गैर-इरादतन हत्या सहित गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। स्वास्थ्य सचिव लो चुंग-माऊ के अनुसार, कई लोगों की मौत धुएं के कारण दम घुटने से हुई।
हांगकांग की यह त्रासदी न केवल शहर बल्कि पूरे विश्व के लिए चिंता का विषय बन गई है। बचाव टीमें युद्धस्तर पर राहत कार्य जारी रखे हुए हैं, जबकि मृतकों की पहचान और लापता लोगों की खोज चुनौती बनी हुई है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### हरिद्वार कुंभ 2027 : प्रमुख स्नान पर्व की तिथियां घोषित

**मुहरिद्वार।** हरिद्वार में वर्ष 2027 में होने वाले कुंभ मेले को दिव्य और ऐतिहासिक बनाने की दिशा में बड़ी पहल करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को गंगा तट पर सभी 13 अखाड़ों के संतों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कुंभ के प्रमुख स्नान की तिथियों की औपचारिक घोषणा की और संत समाज की परंपराओं एवं सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का भरोसा दोहराया। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2027 में होने वाले कुंभ के लिए पवित्र स्नान की तिथियां तय कर ली गई हैं। 14 जनवरी – मकर संक्रांति, 6 फरवरी – मौनी अमावस्या, 11 फरवरी – वसंत पंचमी, 20 फरवरी – माघ पूर्णिमा, 6 मार्च – महाशिवरात्रि (अमृत स्नान), 8 मार्च – फाल्गुन अमावस्या (अमृत स्नान), 7 अप्रैल – नव संवत्सर, 14 अप्रैल – मेष संक्रांति (अमृत स्नान), 15 अप्रैल – श्रीराम नवमी और 20 अप्रैल – चैत्र पूर्णिमा का स्नान होगा। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उत्तराखंड को "विश्व की आध्यात्मिक राजधानी" बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि 2021 का कुंभ कोविड प्रतिबंधों के कारण सीमित अवधि तक ही आयोजित हो सका था, लेकिन कुंभ 2027 को हर दृष्टि से भव्य, दिव्य और सुव्यवस्थित रूप देने का लक्ष्य है। कहा, इस बार श्रद्धालुओं की संख्या 2010 और 2021 की तुलना में कई गुना अधिक होगी।

### 65 लाख के इनामी 10 नक्सलियों ने छोड़ा हथियार

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में नक्सल उन्मूलन अभियान को बड़ी सफलता मिली है। शुक्रवार को जिला मुख्यालय जगदलपुर स्थित शौर्य भवन में कुल 65 लाख रुपये के इनामी 10 नक्सलियों ने बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी. के समक्ष आत्मसमर्पण किया। इनमें झीरम घाटी हमले का मास्टरमाइंड और दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी का वरिष्ठ सदस्य 25 लाख का इनामी चैतू उर्फ श्याम दादा भी शामिल है। 60 वर्षीय चैतू उर्फ श्याम दादा, असली नाम गिरी रेड्डी पवन दा रेड्डी, तेलंगाना के वारंगल जिले के तुलसापुर गांव का निवासी है। वह लंबे समय से दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी का वरिष्ठ सदस्य और दरभा डिवीजन का प्रमुख रह चुका है। चैतू ने आत्मसमर्पण के दौरान अपनी एके-47 रायफल भी पुलिस को सौंप दी। स्वेच्छा से मुख्यधारा में लौटने वालों में डीवीसीएम कैडर की सरोज (इनामी 8 लाख) के अलावा एरिया कमेटी सदस्य भूपेश उर्फ सहायक राम, प्रकाश, कमलेश उर्फ झितरु, जननी उर्फ रयमती कश्यप, संतोष उर्फ सन्नू, नवीन और प्रोटेक्शन मिलिशिया की रमशीला तथा जयती कश्यप शामिल हैं। इन सभी पर मिलाकर कुल 65 लाख रुपये का इनाम घोषित था। आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि नक्सली संगठन लगातार कमजोर हो रहा है और उनकी विचारधारा से प्रभावित लोगों में निराशा बढ़ रही है।

# अमेरिका से 39 बांग्लादेशी निर्वासित

## मिलिट्री के विशेष विमान से पहुंचाया गया ढाका, कुल निर्वासितों की संख्या 220 के पार

**ढाका।** अमेरिका से निर्वासित किए गए 39 बांग्लादेशी नागरिक गुरुवार तड़के स्वदेश लौट आए। एक विशेष यूएस मिलिट्री फ्लाइट सुबह लगभग साढ़े पांच बजे हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरी, जहां एयरपोर्ट प्राधिकरण और सामाजिक संस्था बीआरएसी (Bangladesh Rural Advancement Committee) ने इनकी घर वापसी की व्यवस्था की।
वापस लौटे नागरिकों में से 26 नोआखली जिले के हैं, जबकि बाकी लोग कुमिला, सिलहट, फेनी, लक्ष्मीपुर, चटगांव, गाज़ीपुर, ढाका, मुंशीगंज और नारायणगंज के रहने वाले बताए गए हैं। द डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024 से लेकर अगस्त 2025 तक कुल 220 से अधिक बांग्लादेशी अमेरिका से निर्वासित किए जा चुके हैं।
बीआरएसी के प्रवासन कार्यक्रम के प्रमुख शरीफुल हसन ने ऐसे मामलों में समन्वय की कमी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सरकार ने इन लोगों को विधिवत श्रमिक के रूप में विदेश जाने की अनुमति तो दी, लेकिन यह सुनिश्चित नहीं किया गया कि वे वास्तव में उसी उद्देश्य के लिए जा रहे हैं या फिर अमेरिका पहुंचने के लिए ब्राजील को ट्रांजिट रूट बना रहे हैं। उन्होंने इस लापरवाही के लिए संबंधित एजेंसियों को जिम्मेदार ठहराए जाने की मांग की।



### BMET की मंजूरी लेकर सभी गए थे ब्राजील

बीआरएसी के दस्तावेजों से पता चलता है कि इन 220 में से कम से कम 34 लोग ब्यूरो ऑफ मैनपावर एम्प्लॉयमेंट एंड ट्रेनिंग (BMET) की मंजूरी लेकर ब्राजील गए थे। वहां से वे मेक्सिको पहुंचे और फिर बिना वैध दस्तावेजों के अमेरिका में प्रवेश करने की कोशिश की। बाकी पांच में से दो सीधे अमेरिका पहुंचे, जबकि तीन दक्षिण अफ्रीका के रास्ते आगे बढ़े थे।

### हाथ में हथकड़ी और पैरों में बेड़ियां

निर्वासित होकर लौटे नागरिकों ने आरोप लगाया कि हाल के महीनों में कई बांग्लादेशियों को अमेरिका से हथकड़ी और पैरों में बेड़ियां पहनाकर वापस भेजा गया। हालांकि, उन्होंने खुद को इस स्थिति से बचने पर राहत महसूस की। इससे पहले, इस वर्ष 8 जून को एक चार्टर्ड विमान से 42 लोगों को ढाका लाया गया था, जबकि 6 मार्च से 21 अप्रैल के बीच 34 अन्य बांग्लादेशियों को अलग-अलग उड़ानों से निर्वासित किया गया था।

# संवेदनशील अलास्का में 6.0 तीव्रता का भूकंप

**जुनो (अलास्का)।** साउथ सेंट्रल अलास्का के एंकोरेज महानगरीय क्षेत्र में गुरुवार सुबह तेज भूकंप के झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण (USGS) के अनुसार रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.0 दर्ज की गई। स्थानीय समयानुसार सुबह 8:11 बजे आए इस भूकंप का केंद्र विलो से लगभग 26 मील दक्षिण-पश्चिम और 43 मील की गहराई पर स्थित था।



एंकरेज डेली न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, फिलहाल किसी बड़े नुकसान या जनहानि की पुष्टि नहीं हुई है। थैंक्सगिविंग के दिन आए इस भूकंप ने लोगों को अचानक नींद से जगा दिया। घरों की दीवारें और शेल्फें हिलने के कारण कई स्थानों पर सामान नीचे गिरा, हालांकि स्थिति नियंत्रण में रही। नेशनल सुनामी सेंटर ने स्पष्ट किया है कि इस भूकंप से कोई सुनामी खतरा नहीं है। झटके वाल्डेज और फेयरबैंक्स तक महसूस किए गए। विशेषज्ञों का कहना है कि यह दक्षिण मध्य अलास्का में वर्ष 2021 के बाद महसूस किया गया सबसे तीव्र भूकंप है। इससे पहले 30 नवंबर 2018 को 7.1 तीव्रता के भूकंप ने इस क्षेत्र में भारी तबाही मचाई थी। अलास्का दुनिया के सबसे भूकंप-संवेदनशील क्षेत्रों में शामिल है, जहां लगभग हर वर्ष 7.0 या उससे अधिक तीव्रता के एक बड़े भूकंप की संभावना बनी रहती है। गुरुवार का कंपन भले ही तेज रहा हो, लेकिन राहत की बात यह है कि अभी तक किसी गंभीर नुकसान की रिपोर्ट सामने नहीं आई है।

# भारत ने रिहा किए पाकिस्तान के तीन कैदी

चंडीगढ़। भारत की विभिन्न जेलों में सजा पूरी कर चुके तीन पाकिस्तानी नागरिकों को शुक्रवार को अटारी-बाघा बॉर्डर के माध्यम से पाकिस्तान भेज दिया गया। सभी को आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद भारतीय एजेंसियों ने पाक रेंजर्स के हवाले कर दिया।
रिहा किए गए कैदियों में लक्खोवाल लाहौर निवासी मोहम्मद रमजान (58), पंजाब प्रांत के असगर अली और बड़ा पिंड के मोहम्मद इकबाल (48) शामिल हैं। तीनों ने भारत में अलग-अलग मामलों में लंबी सजा काटी।
प्रोटोकॉल अधिकारी अरुण माहल ने बताया कि तीनों कैदियों को राजस्थान और दिल्ली की जेलों से लाया गया था। कस्टम, इमिग्रेशन और अन्य दस्तावेजी प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद उन्हें वाघा बॉर्डर पर पाकिस्तानी अधिकारियों को सौंप दिया गया। लंबे समय तक कैद में रहने के बाद स्वदेश लौटने की




खुशी तीनों के चेहरों पर साफ दिखाई दी।
मोहम्मद इकबाल को 18 वर्ष की आयु में गुरदासपुर में 10 किलो हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया था। एनडीपीएस एक्ट के तहत कोर्ट ने उन्हें 30 साल की सजा सुनाई थी, जिसे उन्होंने पूर्ण रूप से काट लिया। रिहाई पर इकबाल ने कहा कि "मेरे लिए यह दिन ईद जैसा है। 30 साल बाद घर लौटने की खुशी शब्दों से परे है।" उन्होंने बताया कि गिरफ्तारी के बाद उनकी पत्नी भी उन्हें छोड़कर चली गई थी।

# सुमात्रा में चक्रवात का तांडव, 61 की मौत

## भूस्खलन और बाढ़ से हालात बेकाबू, सैकड़ों लोग लापता

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप पर चक्रवात के बाद आई बाढ़ और भूस्खलन ने भारी तबाही मचा दी है। द्वीप के तीन प्रांतों—सिबोल्गा, नॉर्थ तपानुली और साउथ तपानुली—में कम से कम 61 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि सौ से अधिक लोग लापता बताए जा रहे हैं।
द जकार्ता पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार को सुमात्रा के कई हिस्सों में सैकड़ों लोग बाढ़ और भूस्खलन के बीच फंस गए। हजारों लोगों को अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा। चक्रवात इंडोनेशिया के पश्चिमी क्षेत्र से गुजरते हुए भारी बारिश और तेज हवाओं के साथ आया, जिसने पूरे इलाके में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया।
राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (BNPB) ने बताया कि कई प्रमुख मार्ग भूस्खलन के कारण बंद हो गए हैं, जिसके चलते राहत टीमों के लिए दूरस्थ इलाकों में पहुंचना मुश्किल हो गया है। स्थिति गंभीर होने पर उत्तरी सुमात्रा में हेलीकॉप्टरों के जरिए सहायता सामग्री पहुंचाई गई। कई क्षेत्रों में बिजली



और संचार सेवाएं पूरी तरह ठप हैं, जिससे अंधेरा और अफरातफरी फैली हुई है।
उत्तरी सुमात्रा में सबसे अधिक 43 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। वहीं, पश्चिमी सुमात्रा और आचेह प्रांत में नौ-नौ लोगों की मौत की सूचना है। बचाव कार्य लगातार जारी है, लेकिन मलबे और पानी से भरे क्षेत्रों में टीमें संघर्ष कर रही हैं।

### दुनिया का छठां सबसे बड़ा द्वीप है सुमात्रा

सुमात्रा, इंडोनेशिया का विशाल द्वीप और दुनिया का छठा सबसे बड़ा द्वीप है, जहां बरिसान पर्वतमाला और सक्रिय ज्वालामुखियों के कारण प्राकृतिक आपदाओं का खतरा बना रहता है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि लगातार बारिश से स्थिति और बिगड़ सकती है।
बचाव एजेंसियों के अनुसार, सप्ताह की शुरुआत से लेकर अब तक सुमात्रा में बाढ़ और भूस्खलन से कम से कम 84 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि अनेक लोग अभी भी लापता हैं। स्थिति पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

# अब भारत में होगी MH-60R हेलीकॉप्टरों की मरम्मत

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के एमएच-60आर 'सीहॉक' हेलीकॉप्टरों की मरम्मत और रखरखाव अब देश के भीतर ही संभव होगा। भारत सरकार ने अमेरिका के साथ लगभग 7,995 करोड़ रुपये के करार पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत अगले पांच वर्षों तक इन हेलीकॉप्टरों का रिपेयर, परीक्षण और सपोर्ट सेवाएं भारतीय जमीन पर उपलब्ध कराई जाएंगी। इस समझौते पर हस्ताक्षर नई दिल्ली में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में हुए।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह समझौता न केवल नौसेना की ऑपरेशनल उपलब्धता बढ़ाएगा, बल्कि क्षमता निर्माण और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को भी मजबूती देगा। करार में स्पेयर पार्ट्स की आपूर्ति, सपोर्ट इक्विपमेंट, ट्रेनिंग, टेक्निकल सपोर्ट, रिपेयर-रिप्लेसमेंट सेवाएं तथा भारत में इंटरमीडिएट लेवल रिपेयर और पीरियोडिक मेंटेनेंस सुविधाओं की स्थापना शामिल है।भारतीय नौसेना ने फरवरी 2020 में अमेरिकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन से 24 एमएच-60आर सीहॉक हेलीकॉप्टरों की खरीद का सौदा किया था, जिसकी कीमत करीब 2.6 अरब डॉलर है। इनमें से अब तक 19 हेलीकॉप्टर भारत पहुंच चुके हैं। पिछले वर्ष भारतीय नौसेना ने कोच्चि स्थित आईएनएस गरुड़ पर इन हेलीकॉप्टरों की पहली स्क्वाड्रन को आधिकारिक तौर पर बेड़े में शामिल किया था।

### समुद्री सुरक्षा के लिए बेहतरीन हथियार



एमएच-60आर दुनिया के सबसे सक्षम मल्टी-मिशन हेलीकॉप्टरों में से एक माना जाता है। अत्याधुनिक सेंसर, हथियारों और एडवांस्ड एवियोनिक्स से लैस यह हेलीकॉप्टर पनडुब्बी-रोधी युद्ध, समुद्री निगरानी और कई अन्य मिशनों में नौसेना की क्षमताओं को नई ऊंचाई देता है। इन हेलीकॉप्टरों के संचालन से भारत की समुद्री सुरक्षा में महत्वपूर्ण मजबूती आई है। मंत्रालय का कहना है कि मरम्मत व रखरखाव की सुविधाएं देश में विकसित होने से अमेरिका पर निर्भरता घटेगी। साथ ही भारतीय एमएसएमई और स्थानीय उद्योगों को तकनीकी सहयोग व उत्पाद निर्माण के बड़े अवसर मिलेंगे। इस करार से हेलीकॉप्टरों की ऑल-वेधर ऑपरेशनल क्षमता और बेड़े की उपलब्धता में महत्वपूर्ण सुधार आने की उम्मीद है। नौसेना के जहाजों व तटीय क्षेत्रों पर इनका संचालन भी इससे अधिक कुशल होगा।

# चक्रवाती तूफान 'दित्वाह' का अलर्ट, समुद्र में न जाएं मछुआरे

**नई दिल्ली।** बंगाल की दक्षिण-पश्चिम खाड़ी और श्रीलंका के तटीय क्षेत्रों के पास बना चक्रवाती तूफान 'दित्वाह' लगातार उत्तर दिशा की ओर बढ़ रहा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार यह तूफान 30 नवंबर, रविवार की सुबह तक उत्तरी तमिलनाडु, पुडुचेरी और दक्षिण आंध्र प्रदेश के तटों से टकरा सकता है। आईएमडी ने बताया कि तूफान पिछले छह घंटों में करीब 3 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से आगे बढ़ा है और फिलहाल श्रीलंका के त्रिंकोमाली से लगभग



30 किलोमीटर की दूरी पर मौजूद है। यह भारत के तटीय क्षेत्रों के भी बेहद करीब पहुंच चुका है—कराईकल से लगभग 300 किमी, पुडुचेरी से 410 किमी और चेन्नई से करीब 510 किमी दूर। मौसम विभाग ने उत्तरी तमिलनाडु, पुडुचेरी और दक्षिणी आंध्र प्रदेश के तटीय जिलों के लिए चक्रवात ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। विभाग का अनुमान है कि श्रीलंका से गुज़रने के बाद यह तूफान बंगाल की खाड़ी में और मजबूत हो सकता है।